# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 8 फरवरी 2025




**लोकसभा में शुक्रवार को हुई बजट पर चर्चा**

# सत्तापक्ष ने बजट को उत्कृष्ट बताया, विपक्ष ने की आलोचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में शुक्रवार को बजट पर चर्चा हुई। सत्तापक्ष ने जहां बजट को उत्कृष्ट बताया वहीं, विपक्ष ने इसकी जमकर आलोचना की। भाजपा के राव राजेंद्र सिंह ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश केंद्रीय बजट को अब तक का सबसे उत्कृष्ट बजट करार देते हुए शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि मध्यम वर्ग को जितनी छूट और जितना फायदा इस सरकार ने दिया है, पिछली किसी सरकार ने नहीं दिया। उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा।

उन्होंने कहा जब भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार आम जनता को राहत पहुंचाने के लिए काम करती है, प्रतिपक्ष की भूमिका आलोचक की होती है। उन्होंने

## सत्ता पक्ष ने कहा- मध्यम वर्ग को सर्वाधिक फायदा इस सरकार ने दिया



विभिन्न आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि देश में प्रथम लोकसभा चुनाव से पहले प्रति व्यक्ति खाद्यान्न उपलब्धता 394 ग्राम थी जो 60 वर्ष में केवल 468 ग्राम के स्तर पर पहुंची। सिंह ने कहा कि देश की आबादी के 35 करोड़ से बढ़कर 100 करोड़ के पार होने तक भी प्रति व्यक्ति खाद्यान्न का स्तर 468 ग्राम तक ही रहा। उन्होंने वर्तमान सरकार के पिछले एक दशक के कार्यकाल में प्रति व्यक्ति खाद्यान्न स्तर के 510 ग्राम तक पहुंचने का दावा करते हुए कहा कि यह कोई बड़ा कीर्तिमान नहीं है, लेकिन इसी तरह पिछले सात दशक में हर साल इसमें पांच ग्राम की बढ़ोतरी होती तो इसका स्तर अभी 1000 ग्राम तक पहुंच गया होता।

## बजट प्रक्रिया में राज्यों को नहीं किया शामिल : कांग्रेस

कांग्रेस ने सरकार पर केंद्रीय बजट को तैयार करने की प्रक्रिया में राज्यों को शामिल नहीं करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि इस बजट में किसानों की अनदेखी की गई है। लोकसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सदस्य धरमवीर गांधी ने कहा कि हमारा देश राज्यों का संघ है, ऐसे में राज्यों से परामर्श कर बजट तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के संसाधन राज्यों से प्राप्त होते हैं, उसकी 'जीडीपी' राज्यों से आती है, लेकिन बजट बनाने की प्रक्रिया में उनकी अनदेखी कर दी जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट बनाने में संघीय ढांचे की अवधारणा को मिटाया जा रहा है।

## बजट में लोगों को 'मां सीता की तरह' गुमराह किया गया : अभिषेक

तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए बजट को 'बांग्ला विरोधी बजट' करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार ने अर्थव्यवस्था को 'सांठगांठ वाले पूंजीवाद के रावण' को सौंप दिया है तथा 'सीता माता की तरह' देश के आम आदमी को गुमराह किया है। बनर्जी ने यह दावा भी किया कि केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल की न सिर्फ उपेक्षा की है, बल्कि राज्य के विकास को अवरुद्ध करने का प्रयास किया है। बनर्जी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 'रिवर्स रॉबिनहुड' की महारथी है जो गरीबों से लेकर अमीरों को देती है। बनर्जी ने कहा कि सरकार 'अधूरे संघवाद' पर अमल कर रही है क्योंकि बिहार को देती है और पश्चिम बंगाल की उपेक्षा करती है।

## ट्रंप ने अब अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं जो अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय पर प्रतिबंध लगाता है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के अनुसार, ये प्रतिबंध आईसीसी द्वारा अमेरिकी नागरिकों और उसके सहयोगियों की जांच के जवाब में लगाए गए हैं। इन प्रतिबंधों के तहत आईसीसी के अधिकारियों के अमेरिका में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। ट्रंप के कार्यकारी आदेश में न्यायालय की कार्रवाइयों की निंदा करते हुए कहा गया है कि वे एक खतरनाक मिसाल बनाते हैं। कार्यकारी आदेश उन व्यक्तियों और उनके परिवार के सदस्यों पर वित्तीय और वीजा प्रतिबंध लगाता है, जो अमेरिकी नागरिकों या उसके सहयोगियों से संबंधित आईसीसी की जांच में सहायता करते हैं। ट्रंप द्वारा उठाए गए इन कदमों का उद्देश्य अमेरिकी हितों के खिलाफ प्रयासों में शामिल लोगों को दंडित करना है। यह कदम सीनेट डेमोक्रेट्स द्वारा हाल ही में आईसीसी को प्रतिबंधित करने के रिपब्लिकन नेतृत्व वाली पहल पर रोक लगाने के बाद उठाया गया है।

- आईसीसी के अफसर अब नहीं कर सकेंगे अमेरिका में प्रवेश


**अमेरिका में रह रहे भारतीयों को राहत**

# ट्रंप के नागरिकता आदेश पर अनिश्चित काल के लिए रोक

## ग्रीन कार्ड का इंतजार कर रहे छात्रों और प्रोफेशनल्स की 'वापसी' का डर हो जाएगा खत्म

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका में रह रहे भारतीयों को आज बड़ी राहत मिली है। यहां वीजा पर रह रहे और ग्रीन कार्ड का इंतजार कर रहे भारतीय छात्रों और प्रोफेशनल्स को अमेरिका छोड़ने का डर अब खत्म हो जाएगा। दरअसल, सिएटल के एक कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस आदेश पर अनिश्चित काल के लिए रोक दी है, जिसमें जन्मजात नागरिकता को खत्म करने का आदेश जारी किया गया था। ट्रंप सरकार के आदेश की आलोचना करते हुए सिएटल कोर्ट ने कहा कि ट्रंप संविधान के साथ 'नीतिगत खेल' खेलने के लिए कानून के शासन को दरकिनार करने की कोशिश कर रहे हैं।



### ट्रंप को दूसरा बड़ा झटका

अमेरिका के जिला न्यायाधीश जॉन कफनौर की ओर से लगाई गई यह रोक अमेरिकी कानून को बदलने के साथ ट्रंप की व्यापक निर्वासन कार्रवाई को लेकर दूसरा बड़ा कानूनी झटका है। इससे पहले मैरीलैंड के एक जज ने भी ऐसा ही फैसला सुनाया था। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, सिएटल में गुरुवार को एक सुनवाई के दौरान न्यायाधीश कफनौर ने सख्त लहजे में कहा, 'यह स्पष्ट हो गया है कि हमारे राष्ट्रपति के लिए कानून का शासन उनके नीतिगत लक्ष्यों के लिए एक बाधा मात्र है। उनके अनुसार, कानून का शासन कुछ ऐसा है जिसे दरकिनार किया जा सकता है या बस अनदेखा किया जा सकता है, चाहे वह राजनीतिक या व्यक्तिगत लाभ के लिए हो।'

### संविधान में करना होगा संशोधन : जज

*जज ने आगे कहा कि इस न्यायालय में और मेरी निगरानी में कानून का शासन बना रहेगा, चाहे कोई कुछ भी हो। जज ने आगे कहा कि संविधान ऐसी चीज नहीं है जिसके साथ सरकार नीतिगत खेल खेल सके। यदि सरकार जन्मजात नागरिकता के कानून को बदलना चाहती है, तो उसे संविधान में ही संशोधन करने की आवश्यकता है।*

### आदेश का भारतीयों पर होगा यह प्रभाव

दूसरी बार कार्यभार संभालने के बाद ट्रंप ने अमेरिका में जन्मजात नागरिकता को समाप्त करने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। यह आदेश अमेरिकी धरती पर जन्मे उन बच्चों को अमेरिकी नागरिकता देने से इनकार करता है, जिनके माता-पिता अमेरिका के स्थायी निवासी नहीं हैं। इस आदेश ने अमेरिका में भारतीय समुदाय के बीच चिंता पैदा कर दी, खासकर एच-1बी (कार्य वीजा), एल (इंट्रा-कंपनी ट्रांसफर), एच-4 (आश्रित वीजा) और एफ (छात्र वीजा) जैसे अस्थायी वीजा पर रहने वालों के। ट्रंप के आदेश के अनुसार, अस्थायी वीजा पर माता-पिता से पैदा हुए बच्चों को तब तक नागरिकता नहीं मिलेगी, जब तक कि उनके माता-पिता अमेरिकी नागरिक या ग्रीन कार्ड धारक न हो।

### जन्मजात नागरिकता का अधिकार नहीं मिला तो क्या होगा?

अगर इन्हें जन्मजात नागरिकता का अधिकार नहीं मिलता है तो इन अप्रवासियों के बच्चों को देश में ट्यूशन फिस, संघीय वित्तीय सहायता और छात्रवृत्ति मिलने के अवसर को खोने का खतरा बना रहेगा। इससे उनकी शिक्षा से जुड़ी संभावनाओं पर काफी असर पड़ सकता है। ट्रंप के आदेश से ग्रीन कार्ड के लंबित मामलों में फंसे आप्रवासियों के लिए भी चिंता पैदा हो गई है, क्योंकि अमेरिका के बाहर पैदा हुए उनके बच्चों को 21 वर्ष की आयु होने पर स्वदेश लौटने के लिए मजबूर किया जा सकता है, जब तक कि वे दूसरा वीजा हासिल नहीं कर लेते।

# 15 करोड़ वाले आरोप पर केजरीवाल के घर पहुंची एसीबी, थमाया नोटिस

## आरोपों का मांगा सबूत, चेतावनी भी दी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे से एक दिन पहले राजधानी में सियासत गर्मा गई है। यहां अरविंद केजरीवाल समेत आप नेताओं ने हॉर्स ट्रेडिंग का आरोप लगाया था। आरोप था कि विधायकों को '15 करोड़ रुपए का ऑफर दिया गया और आम आदमी पार्टी छोड़ने के लिए दबाव बनाया गया था।' अब एलजी वीके सक्सेना ने इन आरोपों की जांच के आदेश दिए। बयान दर्ज करने के लिए एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की एक टीम केजरीवाल के घर गई और पांच पॉइंटर्स सवालों के साथ एक नोटिस दिया है। नोटिस में केजरीवाल से सबूत मांगने सहित कई जानकारी मांगी गई है। दिल्ली एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की एक टीम एलजी वीके सक्सेना द्वारा जांच के आदेश के बाद अरविंद केजरीवाल के घर पहुंची थी। यहां काफी देर तक एसीबी की टीम उनके घर के बाहर खड़ी रही लेकिन कहा जा रहा है कि उन्हें घर में एंट्री नहीं दी गई। केजरीवाल के घर के बाहर भारी संख्या में आप कार्यकर्ता भी मौजूद थे, जो नारेबाजी कर रहे थे। इस बीच एसीबी की टीम ने उन्हें नोटिस दिया और वापस लौट गई।

### आम आदमी पार्टी की लीगल टीम ने कहा

आम आदमी पार्टी की लीगल टीम के हेड संजीव नसियार ने बताया कि एसीबी की टीम नोटिस देकर वापस लौट गई है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि एसीबी बिना किसी पूर्व नोटिस के बयान दर्ज करने पहुंची थी। उनके पास कोई नोटिस नहीं था। उन्होंने कहा कि केजरीवाल बयान दर्ज कराने के लिए तैयार हैं. 15 करोड़ वाले दावे पर उनके पास सबूत हैं, लेकिन एसीबी को प्रोसेस फॉलो करना चाहिए और बयान दर्ज करने से पहले नोटिस देना चाहिए।

# गर्भवती के साथ चलती ट्रेन में रेप की कोशिश, बोगी से फेंका बाहर

## तमिलनाडु के काटपाडी के पास वारदात

एजेंसी ▶▶| तमिलनाडु

तमिलनाडु के जिले के काटपाडी के पास चलती ट्रेन में चार महीने की गर्भवती महिला के यौन उत्पीड़न और फिर उसे बोगी से बाहर धक्का का मामला सामने आया है।

यह खबर दिल दुखाने वाली है, आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आंध्र प्रदेश के चित्तूर की रहने वाली 36 साल की पीड़िता गुरुवार रात महिला डिब्बे में अकेले यात्रा कर रही थी और इस दौरान 'हिस्ट्रीशीटर' बताया जाने वाला व्यक्ति जोलारपेट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में



चढ़ा और पीड़िता का यौन उत्पीड़न करने का प्रयास किया। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि महिला विरोध करते हुए खुद को बंद करने के लिए शौचालय की ओर भागी, लेकिन आरोपी ने पीछा कर उसे ट्रेन से धक्का दे दिया, जिसकी वजह से पीड़िता के हाथ और पैर में 'फ्रैक्चर' हो गया।

### कोयंबटूर-तिरुपति इंटरसिटी एक्सप्रेस में वारदात

पीड़िता कई साल से तमिलनाडु के तिरुपुर में दर्जी का काम करने वाले अपने पति और बेटे के साथ रह रही है। वह चित्तूर में अपनी मां के घर जाने के लिए गुरुवार रात अकेले कोयंबटूर-तिरुपति इंटरसिटी एक्सप्रेस में सवार हुई थी। यह खबर तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, घटना को लेकर लोगों में आक्रोश है।

## पंजाब पुलिस ने अवैध प्रवास की जांच के लिए बनाई एसआईटी

**चंडीगढ़।** पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने शुक्रवार को कहा कि पंजाब पुलिस ने अवैध प्रवास और मानव तस्करी के मुद्दे की जांच के लिए चार सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। डीजीपी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''एसआईटी अवैध प्रवास या मानव तस्करी में शामिल पाए गए किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगी।'' यह घटनाक्रम पंजाब के 30 लोगों सहित 104 भारतीयों को अमेरिका से निर्वासित किए जाने के दो दिन बाद सामने आया। निर्वासित किए गए लोगों में से कई ने कहा कि उन्हें ट्रैवल एजेंटों द्वारा धोखा दिया गया था।

# ओबीसी आरक्षण : सरकार की मंशा पर उठा सवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मध्य प्रदेश में 27 फीसदी ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) आरक्षण पर सरकार के दोहरे रवैये पर सवाल उठने लगे हैं। हाईकोर्ट में याचिका खारिज होने के बाद राज्य सरकार ने सभी 75 याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर करा दी, लेकिन वहां सुनवाई के लिए जरूरी पहल नहीं की। सुप्रीम कोर्ट ने अब 14 फरवरी 2025 इन याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। मध्य प्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू है, लेकिन मामला कोर्ट में विचाराधीन होने के कारण अभ्यर्थियों का 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने पिछले दिनों ओबीसी आरक्षण के खिलाफ लगी याचिका को तर्कहीन मानते हुए खारिज कर दिया था। जिसके बाद राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में आधा सैकड़ा ट्रांसफर याचिकाएं दायर कर दी। सुप्रीम कोर्ट इन याचिकाओं पर 14 फरवरी को सुनवाई करेगा।

- 14 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में होगी मामले पर सुनवाई



### सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई कैविएट

अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में ओबीसी संगठनों और ओबीसी होल्ड अभ्यर्थियों की ओर से एक दर्जन से अधिक कैविएट दायर की हैं, लेकिन सरकार ने याचिकाओं की प्रति नहीं दी। जिस कारण इन मामलों में सुनवाई नहीं हो सकी।

**ट्रांसफर याचिकाओं पर सुनवाई तय :** मध्य प्रदेश शासन की ओर से ट्रांसफर की गईं 75 में से 9 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की डिवीजन बेंच में हुई। इसमें स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट केवल कानून की संवैधानिक वैधता तय करेगा। साथ ही नोटिस जारी कर सभी ट्रांसफर याचिकाओं पर सुनवाई 14 फरवरी 2025 को निर्धारित की है।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

## बेटे की शादी पर अदाणी ने लिया सेवा का संकल्प

# समाज सेवा के लिए 10000 करोड़ रुपए कर दिए दान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मशहूर उद्योगपति गौतम अदाणी ने शुक्रवार को छोटे बेटे जीत की शादी के मुबारक मौके पर समाज सेवा के लिए 10 हजार करोड़ रुपए दान किए। उनके दान का बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर खर्च किया जाएगा। बता दें, महाकुंभ मेले की यात्रा के दौरान अदाणी ने दान करने का ऐलान किया था। अदाणी ने शुक्रवार को एक्स (पहले ट्विटर) के संदेश में अपनी बहू को 'बेटी दिवा' कहकर संबोधित किया।

### अहमदाबाद में हुई शादी

शादी अहमदाबाद के बेल्वेडियर क्लब, अदाणी शांतिग्राम टाउनशिप में शुक्रवार दोपहर संपन्न हुई, जहां जीत अदाणी और हीरा कारोबारी जैमिन शाह की बेटी दिवा शादी के बंधन में बंध गए। शादी पूरी तरह से पारंपरिक रीति रिवाज से संपन्न हुई। सामान्य धार्मिक अनुष्ठानों और पारंपरिक गुजराती समारोह में केवल करीबी रिश्तेदार और दोस्त शामिल हुए। जीत इस समय अदाणी एयरपोर्ट्स के निदेशक हैं और छह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का प्रबंधन देख रहे हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
रायपुर, शनिवार 8 फरवरी 2025

## निहारिका आईएएस एसोसिएशन की अध्यक्ष, कटारिया उपाध्यक्ष




**रायपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी निहारिका बारिक सिंह छत्तीसगढ़ आईएएस एसोसिएशन की अध्यक्ष चुनी गई हैं। शुक्रवार को एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। अन्य पदाधिकारी इस प्रकार हैं- अमित कटारिया उपाध्यक्ष, रजत कुमार सचिव, अभिजीत सिंह कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं।

### खबर संक्षेप

## अब एक घंटा पहले खुलेंगे अयोध्या राम मंदिर के कपाट




**अयोध्या।** अयोध्या के रामलला मंदिर में दर्शन और अनुष्ठान के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है, जिसके तहत अब मंदिर सुबह सात बजे की जगह छह बजे से रात 10 बजे तक खुला रहेगा। मंगला आरती तड़के चार बजे होगी जिसके बाद मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाएंगे। श्रृंगार आरती सुबह छह बजे होगी और उसी समय मंदिर आम लोगों के लिए खुल जाएगा।

## बाइक के कुएं में गिरने से चार लोगों की मौत




**धार।** मध्यप्रदेश के धार जिले में एक मोटरसाइकिल के कुएं में गिरने से उस पर सवार चार युवकों की मौत हो गई। यह घटना बृहस्पतिवार रात जिला मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर दूर छोटी उमरबंद तथा मुंडला गांव के बीच हुई। मनावर थाना प्रभारी ईश्वर सिंह चौहान ने बताया कि एक ही मोटरसाइकिल पर सवार चार लोग तीखे मोड़ पर कुएं में गिर गए।

## नेरचा समारोह में हाथी ने महावत को मार डाला



**पलक्कड़।** केरल में पलक्कड़ जिले के कुट्टनाड में मस्जिद में 'नेरचा' समारोह के दौरान वल्लमकुलम नारायणन कुट्टी नाम के हाथी के हमले में कोट्टायम निवासी 42 वर्षीय कुंजुमन इब्राहिम नामक महावत और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। यह घटना वार्षिक 'नेरचा' समारोह के दौरान हुई जिसमें 28 टीम के कई हाथियों ने भाग लिया था।

# महाकुंभ के लिए डा. रमन का विधायकों, सांसदों को न्योता, नेता प्रतिपक्ष महंत ने कहा- हम नहीं जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

*विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित समस्त मंत्रिमंडल के सदस्यों, नेता प्रतिपक्ष एवं सभी विधायकों व सांसदों (लोकसभा व राज्यसभा) को 13 फरवरी को प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने इस मामले में साफ कहा, हम नहीं जाएंगे।*

*डा. महंत ने कहा, पहली बात तो मुझे विधानसभा अध्यक्ष का पत्र ही नहीं मिला है। मेरे पास दो दिन पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का फोन आया था, उन्होंने कहा, महाकुंभ जाने का कार्यक्रम बना है, कोई विधायक जाना चाहे, तो जा सकता है। मैंने साफ मना कर दिया कि मैं नहीं जाऊंगा। डा. महंत ने कहा, हमारा कोई विधायक भी नहीं जाएगा।*

### 13 फरवरी को है महाकुंभ में डुबकी लगाने की योजना

#### उप्र विस अध्यक्ष ने किया है आमंत्रित-डा. रमन

डॉ. रमन ने अपने पत्र में लिखा है, गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन त्रिवेणी संगम पर आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता निभाते हुए सनातन लोकतांत्रिक परंपराओं का सजीव अनुभव करने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने लिखा है, इस महाकुंभ में उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी छत्तीसगढ़ विधानसभा के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया है। दोनों राज्यों के विधायकों और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से यह आयोजन सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक दृष्टि से और भी ऐतिहासिक होगा।




#### संतोष पांडेय और सुशांत शुक्ला को दें सहमति

डॉ. रमन ने सभी सांसदों से अनुरोध किया है कि वे अपनी सहमति सांसद राजनांदगांव संतोष पांडेय के माध्यम से सहमति पत्र अथवा टेलीफोन द्वारा सहमति दें। वहीं सभी विधायकों को बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के पास अपने सहमति पत्र या फोन के माध्यम से सहमति देने का आग्रह किया गया है। इस पत्र में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लिखा है, महाकुंभ न केवल आस्था का संगम है, बल्कि यह सनातन संस्कृति एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का जीवंत प्रतीक भी है। छत्तीसगढ़ के जनप्रतिनिधियों की इसमें सहभागिता राज्य की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक एकता को और अधिक सुदृढ़ करेगी।

### भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिका को चेताया- अमानवीयता किसी भी हालत में सहन नहीं की जाएगी

# 'हथकड़ी-बेड़ी' पर उबाल के बीच अमेरिका से आएगी एक और खेप, 487 की पहचान!

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने अवैध प्रवासियों को देश के निकालने के अभियान के तहत अब 487 और भारतीयों को अंतिम निष्कासन आदेश दिया है। जल्द ही अमेरिका से इन्हें भी वापस भारत भेजा जाएगा। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी इसकी पुष्टि की है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

इधर, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा है कि वह अवैध रूप से अमेरिका में रह उन 4200 भारतीयों की जांच कर रहा है जिनके खिलाफ संदिग्ध लेनदेन मिले हैं। अमेरिका से प्रवासी भारतीयों को अमानवीय तरीके से भेजे जाने पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी प्रशासन को स्पष्ट संदेश दिया है कि वह किसी भी प्रकार से भारतीयों के साथ हो रही अमानवीयता को सहन नहीं करेगा। अवैध प्रवासियों की वापसी मानवाधिकार नियमों के तहत होनी चाहिए।

▶▶| शेष पेज 5 पर


फाइल फोटो

#### गुजरात-पंजाब के एजेंटों के खिलाफ जांच

*ईडी ने कहा कि वह उन लोगों की जांच कर रहा है जिन पर पिछले तीन वर्षों में अवैध रूप से अमेरिका में प्रवास करने का संदेह है। नियमित रूप से अलग अलग तरीकों से लोगों को अवैध रूप से अमेरिका भेजने वाले गुजरात और पंजाब में स्थित एजेंटों के खिलाफ चल रही जांच के हिस्से के रूप में ईडी को भारतीयों को कनाडा के रूट से अमेरिका ले जाने से संबंधित 4,000 से अधिक संदिग्ध लेनदेन मिले हैं।*

#### अवैध रूप से घुसे तो खैर नहीं

अमेरिका सीमा गश्त प्रमुख माइकल डब्ल्यू बैंक्स ने एक्स पर जारी वीडियो में चेतावनी देते हुए कहा, अगर आप अवैध रूप से सीमा पार करते हैं, तो आपको वहां से वापस भेज दिया जाएगा या फिर जेल की भी सजा हो सकती है। उन्होंने कहा, अवैध विदेशियों को सफलतापूर्वक भारत वापस भेजा गया, जो सैन्य परिवहन का उपयोग करके अब तक की सबसे लंबी निर्वासन उड़ान थी।

#### भारत अमानवीय व्यवहार सहन नहीं करेगा : विदेश सचिव

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने हाल ही में अवैध अप्रवासियों के मुद्दे पर अमेरिका को एक स्पष्ट और दृढ़ संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भारत अपने नागरिकों के साथ किसी भी प्रकार का अमानवीय व्यवहार सहन नहीं करेगा और इस मुद्दे को पूरी तरह से कानूनी और मानवाधिकारों के दायरे में हल किया जाएगा।

### रेपो रेट में 0.25% कटौती

## होम लोन होगा सस्ता, कम हो जाएगी मासिक किश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंबई

रिजर्व बैंक ने मिडिल क्लास को बड़ी राहत देते हुए रेपो रेट में कमी कर दी है। केंद्रीय बैंक ने मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग के बाद शुक्रवार को यह फैसला लिया। इसकी जानकारी रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय बैंक ने रेपो रेट में 0.25% (25 बेसिस पॉइंट) की कटौती की है। इस कटौती के बाद रेपो रेट 6.50% घटकर 6.25% रह गया है।रेपो दर घटने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में कमी आने की उम्मीद है।



#### बैंकों को भी लोन लेने में होगी आसानी

मार्जिनल स्टेंडिंग फेसलिटी (एमएसएफ) को भी 6.75 से 6.50 कर दिया है। इससे बैंकों को जरूरी होने पर आरबीआई से लोन लेने में भी राहत मिलेगी। रिजर्व बैंक ने साल 2026 के लिए जीडीपी ग्रोथ 6.70% और महंगाई दर 4.8% रहने का अनुमान लगाया है।

## कमजोर विपक्ष प्रत्याशी तक ठीक से खड़े नहीं कर पा रहा : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विपक्ष कांग्रेस को कमजोर बताते हुए कहा है कि वे नगरीय निकाय चुनाव में ठीक से प्रत्याशी तक खड़े नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक नगर पंचायत सहित 30 से ज्यादा वार्डों में भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित गए हैं, इसलिए कांग्रेस हार से बौखलाई हुई है।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को बिलासपुर में चुनावी सभा और रोड शो करने पहुंचे थे। इस दौरान पत्रकारों ने भाजपा के महापौर प्रत्याशी की जाति को लेकर कांग्रेस द्वारा मुद्दा बनाए जाने के संबंध में सवाल किए गए, इस पर श्री साय का कहना था कि विपक्ष कमजोर हो गया है और वे प्रत्याशी तक तो ठीक से खड़ा नहीं कर

▶▶| शेष पेज 5 पर







शादी का शानदार ऑफर
सावनसुखा की अविश्वसनीय उपहार!
गहनों के मेकिंग चार्जेस पर 100% तक की छूट

| ऑफर्स ऑन मेकिंग चार्जेस | |
|---|---|
| प्लेन गोल्ड ज्वेलरी एंड मशीन मेड चेन्स | 5.88% |
| एंटीक गोल्ड ज्वेलरी | 9.88% |
| हैंडमेड चेन्स, रोडियम चेन्स, फैंसी जेवेलरी | 11.88% |
| एंटीक डिज़ाइनर/रजवाड़ा गोल्ड ज्वेलरी | 14.88% |
| डायमंड स्टडेड ज्वेलरी | 4.88%* |
| जड़ाऊ पोल्की ज्वेलरी | 4.88% |

*कंडिशन्स अप्लाई
सदर बाज़ार | रायपुर | 7 फरवरी ऑनवार्ड्स | 91470 75332


## मोदी 12-13 को अमेरिका दौरे पर, ट्रंप से होगी द्विपक्षीय वार्ता



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका दौरे की पुष्टि हो गयी है। वे अगले हफ्ते 12-13 फरवरी को अमेरिका के 2 दिवसीय दौरे पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया गया कि प्रधानमंत्री मोदी वहां नवनियुक्त राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से द्विपक्षीय बातचीत करेंगे।

## सज्जन कुमार के खिलाफ हत्या मामले में फैसला 12 को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार के खिलाफ 1984 के सिख विरोधी दंगों से संबंधित हत्या मामले में अपना फैसला 12 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा को शुक्रवार को फैसला सुनाना था। जनवरी में अभियोजन पक्ष द्वारा कुछ बिंदुओं पर विस्तृत दलीलें पेश करने के लिए समय मांगे जाने के बाद अदालत ने फैसला स्थगित कर दिया था।

## राममंदिर की पहली ईंट रखने वाले कामेश्वर का निधन

**नई दिल्ली।** अयोध्या में राम मंदिर की पहली ईंट रखने वाले और राम जन्मभूमि ट्रस्ट के स्थाई सदस्य कामेश्वर चौपाल का निधन हो गया है। कामेश्वर चौपाल का पार्थिव शरीर दोपहर 2:00 तक पटना एयरपोर्ट पहुंचा। उसके बाद उनके शव भाजपा प्रदेश कार्यालय में लाया गया जहां लोगों ने अंतिम दर्शन किए। इसके बाद रात में पार्थिव शरीर सुपौल ले जाया गया जहां आज उनका अंतिम संस्कार होगा।






# ग्रामीण/शहरी रणभूमि

### रमन ने किया संवैधानिक मर्यादा का उल्लंघनः बैज



पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा है कि डॉ. रमन सिंह को अपने पद की मर्यादा रखना चाहिए। उन्होंने कहा, "डॉ. रमन सिंह एक संवैधानिक पद पर हैं। इस तरह से खुलेआम पार्टी का प्रचार करना सीधे तौर पर संवैधानिक पद की मर्यादा का उल्लंघन है।" कांग्रेस के विधि विभाग का प्रतिनिधि मंडल शनिवार को निर्वाचन आयोग में इस मामले में शिकायत दर्ज कराएगा।



### कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहींः साव

कांग्रेस के आरोपों पर भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, "कांग्रेस के इस बयान से साफ होता है कि उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। विकास के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कांग्रेस इस तरह के बयान दे रही है।



## रोचक खबरें

## धमतरी में कांग्रेसी नोटा पर करेंगे वोट, प्रत्याशी हो गया है बाहर



**कांग्रेस का कोई प्रत्याशी नहीं होने से समीकरण बिगड़ा**

**धमतरी।** नगर निगम चुनाव का बिगुल बजते ही चुनाव लड़ने वाले सक्रिय हो गए थे। अब स्थिति स्पष्ट हो चुकी है। वर्तमान में 8 उम्मीदवार नगर निगम महापौर का चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी विजय गोलछा का नामांकन फार्म रिजेक्ट होने के कारण तथा अन्य कोई कांग्रेस से डमी प्रत्याशी को समर्थन नहीं देने के कारण भाजपा को सिर्फ निर्दलियों से ही मुकाबला करना पड़ रहा है। परिणाम आने पर ही पता चलेगा कि किन निर्दलियों ने भाजपा प्रत्याशी रामू रोहरा को परेशान किया। इस चुनाव में धमतरी के कांग्रेसी अब नोटा पर वोट की अपील कर रहे हैं।

नगर निगम चुनाव में महापौर के लिए 31 जनवरी को नाम वापसी के बाद महापौर के 8 उम्मीदवार ही मैदान में हैं। भाजपा से प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, हमर राज पार्टी से महेश कुमार रावटे, अवैश हाशमी निर्दलीय (कांग्रेस से बागी), तिलक राज सोनकर निर्दलीय (कांग्रेस से बागी), आशीष रात्रे (बसपा), फिरोज खान (निर्दलीय), गगन कुंभकार (निर्दलीय), महेश साहू (जोहार छत्तीसगढ़) वर्तमान में मैदान में डटे हुए हैं। नाम वापसी के दिन भाजपा प्रत्याशी ने जहां पकड़ पकड़कर निर्दलियों को अपने पक्ष में बिठाकर अपना पलड़ा भारी कर लिया है। उन्होंने निर्दलीय महापौर प्रत्याशी रंजीत छाबड़ा, कृष्णा जगताप, सरिता असाई, रूपा नागदेवे को अपने पक्ष में नाम वापसी करवा लिया है। वहीं नगर निगम क्षेत्र के 40 वार्डों में कांग्रेस-भाजपा पार्षद प्रत्याशियों के बीच सीधी टक्कर है।

### निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी कर रहे फुल खर्च

निगम चुनाव में महापौर के लिए खर्च की सीमा 25 लाख तक है। वहीं पार्षदों के लिए खर्च की कोई सीमा नहीं है। इसे देखते हुए सभी पार्टी पार्षद प्रत्याशियों के माध्यम से वोटरों को साधने का प्रयास कर रही है। इस दौर में निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी भाजपा-कांग्रेस से भी आगे निकल गए हैं। सूत्रों के अनुसार निर्दलीय जीतने के लिए साम, दाम, दंड, भेद नीतियों का प्रयोग कर रहे हैं।

## पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज देव समेत 11 बागी 6 साल के लिए निष्कासित



**चुनाव में टिकट वितरण से नाराज होकर दिया इस्तीफा**

**सुकमा।** नगर पालिका चुनाव में भाजपा से बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने वाले नेताओं के खिलाफ पार्टी ने कड़ी कार्रवाई की है। पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज देव समेत 11 लोगों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करते हुए 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने कहा कि जिला अध्यक्ष से लेकर पार्टी के सम्मानित पदों पर काम करने की जिम्मेदारी सौंपी थी, लेकिन नगर पालिका चुनाव में टिकट वितरण से नाराज होकर सामूहिक इस्तीफा दे दिया। प्रदेश संगठन ने इस्तीफे को मंजूर कर लिया और नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों को देखते हुए सभी को 6 साल के लिए निष्कासन किया है।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका चुनाव में भाजपा की स्थिति अच्छी है। बागियों के निर्दलीय प्रत्याशियों के रूप में चुनाव लड़ने से भाजपा को कोई नुकसान नहीं हो रहा है। हमारा सीधा टक्कर कांग्रेस से है। कांग्रेस ने बीते पांच सालों में शहर का नुकसान किया है।

### इनका भी निष्कासन

पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज देव के अलावा लक्ष्मी बाई पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, गौरव सिंह, ललित गांधी, अर्पणा देव पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, रामकृष्ण राजू और ज्ञान सिंह ठाकुर को निष्कासित कर दिया गया है। इस दौरान महामंत्री विश्वराज सिंह चौहान तथा उपाध्यक्ष नुपूर वैदिक मौजूद रहे।

## प्रदेश में भाजपा के पक्ष में माहौल अस्सी फीसदी निकायों में होगी जीत



**भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. रमन सिंह ने किया दावा**

**राजनांदगांव।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा है कि प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा पर फिर जनता विश्वास जताएगी। उन्होंने दावा करते कहा कि भाजपा के जनहित की योजनाओं के चलते प्रदेश के अस्सी फीसदी स्थानों पर भाजपा का शानदार प्रदर्शन रहेगा।

नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का लगातार क्षेत्र में प्रवास बना हुआ है। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा का शानदार प्रदर्शन रहेगा। जनता के बीच जाकर हम अपने पूर्व के कार्यकाल में कराए गए कार्य का पूरा ब्यौरा रख रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के तेरह माह के कार्यकाल में जनहित के तमाम योजनाओं को अमलीजामा पहनाया गया। पूर्व में की गई सभी घोषणाओं को पूरा करने का काम प्रदेश की भाजपा सरकार ने किया है। जिससे जनता के बीच भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है। यही कारण है कि नगरीय निकाय चुनाव और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में जनता भाजपा प्रत्याशियों को अपना आशीर्वाद देगी। भाजपा अपना प्रदर्शन शानदार करेगी। उन्होंने दावा करते कहा कि प्रदेश में अस्सी फीसदी स्थानों पर भाजपा अपना परचम लहराएगी और जनता का भरपूर स्नेह मिलेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव की तिथियों की घोषणा होते ही जनता ने अपना मूड बना लिया है कि शहर व गांव की सत्ता किसे सौंपना है।

### शहर की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिलेगा

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राजनांदगांव नगर निगम चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन यादव बेहतर प्रत्याशी है। वे पूर्व में महापौर, सांसद भी रहे हैं। पूर्व में हुए विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जनता ने अपना दिल खोलकर समर्थन दिया था। लिहाजा इस चुनाव में भी भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन यादव को जनता का आशीर्वाद मिलेगा, उन्हें उम्मीद है कि अच्छी बढ़त बनाते श्री यादव चुनाव जीतेंगे। स्थानीय सुविधाओं के संबंध में उन्होंने कहा कि शहर से खैरागढ़ की ओर जाने वाले मार्ग रेलवे ओवरब्रिज के संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सकारात्मक कार्य किए जाने के संकेत दिए हैं।

## कई जिलों में आपसी सद्भभाव, चुनाव से पहले सहमति

# छत्तीसगढ़ में अब भी कायम है आपसी सहमति और विश्वास जिला पंचायत सदस्य से लेकर पंच-सरपंच जीते निर्विरोध

**हरिभूमि न्यूज/रायपुर।** छत्तीसगढ़ में हो रहे स्थानीय निकायों के चुनाव में जिसमें त्रि-स्तरीय पंचायत राज संस्थाएं और नगरीय निकायों के चुनाव हो रहे हैं, चुनाव अंतिम दौर में है और अभी किसी भी जगह मतदान नहीं हुआ है। लेकिन कई स्थानों पर बिना वोट पड़े ही फैसला हो गया है। दरअसल इस पूरी प्रक्रिया को देखें तो साफ होता है कि राज्य के ग्रामीण इलाकों से लेकर दूर-दराज के आदिवासी बहुल वन क्षेत्रों में भी लोगों के बीच आपसी सहमति और विश्वास का वातावरण बना हुआ है। ऐसे समय पर जब राजनीति में एक-एक वोट के लिए मारामारी वहीं छत्तीसगढ़ में बिना किसी विरोध के प्रत्याशी को चुनने की परंपरा आज भी कायम है। राज्य में इन चुनावों की नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग के अभी पूरे आंकड़े जारी नहीं किए हैं, लेकिन इससे पहले गांव-गांव से निर्विरोध निर्वाचन की जानकारी सामने आई है।

### रायगढ़ में जिला पंचायत सदस्य बनी सुषमा खलखो

जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 से सुषमा खलखो निर्विरोध निर्वाचित हो गई हैं। उन्हें सहायक निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र कुमार यादव ने निर्विरोध निर्वाचन का प्रमाण पत्र जारी किया। रायगढ़ पूर्वांचल का यह क्षेत्र क्रमांक 1 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। बताया गया है कि सुषमा खलखो भाजपा समर्थित प्रत्याशी थीं। दूसरी ओर गुरुर जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 21 से जनपद सदस्य प्रत्याशी सुभद्रा साहू जीतीं है, बताया गया है कि वे भाजपा समर्थित हैं।



## राज्य निर्वाचन आयोग ने अभी तक जारी नहीं किया ब्योरा




### सूरजपुर के भटगांव में पहली बार सहमति

जिला सूरजपुर के विधानसभा भटगांव में स्थित ग्राम बीरपुर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्विरोध सरपंच समेत सभी वार्डों में पंचों का चयन किया गया है। ग्राम पंचायत बीरपुर के समस्त ग्रामीण जनों द्वारा इस प्रकार निर्विरोध सरपंच एवं पंचों के चयन से साफ होता है कि सभी ग्रामीण एकजुट होकर ग्राम के सर्वांगीण विकास में सहभागी बने हैं। ग्राम वीरपुर में सरपंच व सभी 11 वार्ड में पंच निर्विरोध चुनने की अब तक के इतिहास में पहली बार हुआ है।

### नगरीय निकायों में कुछ जगहों पर बनी सहमति

छत्तीसगढ़ में होने वाले निकाय चुनावों में वोटिंग से पहले ही बीजेपी ने 23 वार्डों में बिना लड़े जीत हासिल कर ली है। यह जीत 11 फरवरी को होने वाले मतदान से पहले की है। बीजेपी के लिए यह एक बड़ी सफलता है, जबकि कांग्रेस के लिए यह एक बड़ा झटका माना जा रहा है। पांच नगर निगमों में भी बीजेपी के 6 पार्षद निर्विरोध चुने गए हैं। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि कुछ प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिए, जबकि कुछ वार्डों में किसी ने नामांकन ही नहीं किया।

### बलरामपुर में सुनीता गुप्ता बनी जनपद सदस्य



बलरामपुर रामानुजगंज जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के अंतर्गत जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 22 पुरानडीह से जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष बीड़ी लाल गुप्ता की पत्नी सुनीता गुप्ता 2 प्रत्याशियों के द्वारा नाम वापसी के बाद निर्विरोध जनपद सदस्य निर्वाचित हुई। जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के अंतर्गत 25 जनपद सदस्य क्षेत्र है। क्षेत्र क्रमांक 22 पुरानडीह से भाजपा समर्थित सुनीता गुप्ता के साथ रेखा कुमारी एवं साधना के द्वारा जनपद सदस्य के लिए नामांकन भरा गया था। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि थी। नाम वापसी के अंतिम दिन रेखा एवं साधना के द्वारा नाम वापस ले लिया गया जिसके बाद सुनीता गुप्ता निर्विरोध जनपद सदस्य निर्वाचित हुई।

### कोरिया में कायम है निर्विरोध चुनने की परंपरा

कोरिया जिले के अंतर्गत आने वाला ग्राम पंचायत रनई पंचायत चुनाव में भी रनई ग्राम पंचायत में पंच और सरपंच पद का निर्वाचन हुआ। इस ग्राम पंचायत में निर्वाचन फॉर्म जमा करने के अंतिम दिन 15 वार्ड पंच और सरपंच पद के लिए सिंगल फॉर्म जमा करने की प्रक्रिया हुई। इस पंचायत में वार्ड पंच और सरपंच के लिए चुनावी प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है क्योंकि इस पंचवर्षीय चुनाव में भी इस पंचायत से सिंगल फॉर्म ही जमा किया गया है।

## सरकड़ा ग्राम पंचायत में महिला सरपंच अमिता निर्विरोध चुनी गई, 358 पंच भी निर्विरोध चुने गए

**राजिम।** पंचायत चुनाव के लिए दुदुंभी बज चुकी है। जिला से लेकर जनपद और ग्राम पंचायतों में सारे प्रत्याशी कमर कसकर मैदान में उतर चुके है। सभी प्रत्याशियो को चुनाव चिन्ह मिल चुका है। हरेक गांव अब चुनावी रंग में रंगा हुआ नजर आ रहा है। इसी बीच एक बड़ी खबर निकलकर सामने आई है जिसमें राजिम-फिंगेश्वर ब्लॉक के 71 ग्राम पंचायतो में एक ग्राम पंचायत सरकड़ा ऐसा ग्राम पंचायत है जहां महिला सरपंच अमिता यदु निर्विरोध निर्वाचित हुई है। निर्वाचन अधिकारी अजय चंद्रवंशी ने बताया कि बाकी 70 ग्राम पंचायतो में सरपंच पद के लिए 303 प्रत्याशी मैदान में है। जबकि पंच के लिए 70 ग्राम पंचायतो में 1058 में से 358 पंच निर्विरोध निर्वाचित हो गए है। अब 700 पंचो के लिए चुनाव होगा। इसी तरह 24 जनपद क्षेत्र के लिए 104 प्रत्याशी मैदान में मौजूद है।

## कांकेर में गीता बनीं सरपंच और नेताम उप सरपंच

कांकेर जिले के तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बोडागांव में ग्रामवासियों की आपसी सहमति से पंच, सरपंच और उप सरपंच निर्विरोध चुना गया। ग्राम पंचायत बोडागांव में नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही सरपंच पद के लिए दो महिला दावेदारों ने पर्चा भरा था। यह सीट आरक्षित अजजा महिला सीट है। वहीं 11 वार्डों के लिए 14 लोगों ने पर्चा दाखिल किया था। बुधवार सुबह सभी आश्रित ग्राम एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय के लोग ग्राम पंचायत भवन के सामने बैठक आयोजित की गई जिसमें एक सरपंच प्रत्याशी ने नाम वापस लेने की बात कही। एक ही महिला प्रत्याशी गीता उईके मैदान में शेष बची जिन्हें निर्विरोध सरपंच चुना गया।

### बीजापुर में जनपद सदस्य के लिए कांग्रेस समर्थित चुना गया

बीजापुर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नाम वापसी के आखिरी दिन कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी निर्विरोध जनपद सदस्य निर्वाचित हुए हैं। भाजपा समर्थित व निर्दलीय उम्मीदवारों के नाम वापस लेने से कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी निर्विरोध चुनाव जीत गए हैं। उसूर जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 तर्रेम से जनपद पंचायत सदस्य के लिए चुनाव लड़ रहे कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी मनोज अवलम निर्विरोध चुनाव जीते हैं।

## टुकुन की नजर से...




### मदन जैन एक मात्र ऐसे नेता जो पांच बार रह चुके पार्षद, 7 बार लड़ा चुनाव

भिलाई। दुर्ग निगम में आपापुरा वार्ड से पांच बार पार्षद चुनाव जीतने का रिकॉर्ड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मदन जैन के नाम पर दर्ज हैं। वे छत्तीसगढ़ में संभवतः पहले ऐसे नेता हैं, जिन्होंने 7 बार चुनाव लड़ा, जिसमें पांच बार पार्षद का चुनाव जीतकर इतिहास रचा। वे 1975 से चुनाव लड़ रहे हैं। वे एक बार महापौर का भी चुनाव लड़ चुके हैं। उन्होंने भाजपा की सरोज पांडेय को वर्ष 2004 के मेयर इलेक्शन में कड़ी टक्कर दी। हालांकि सरोज पांडेय यह चुनाव जीत गईं थी। मदन जैन 75 साल से अधिक उम्र के हैं और अब भी राजनीति में सक्रिय हैं। हालांकि पार्टी ने इस बार उन्हें मैदान में नहीं उतारा, उनका वार्ड आरक्षित हो गया है, लेकिन पार्टी प्रत्याशी के साथ आज भी वे लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। उनके अलावा गयानगर वार्ड से दिनेश देवांगन तीन बार पार्षद रहे। प

# पूर्व विधायक, युवा चेहरा और ढाई-ढाई साल के दोनों अध्यक्ष मैदान में

महासमुंद। पालिका चुनाव में इस बार राष्ट्रीय दलों से पूर्व विधायक और युवा चेहरा आमने-सामने है। इस बीच दो और अनुभवी जो पालिका के बीते कार्यकाल में ढाई-ढाई साल के अध्यक्ष रहे, दोनों को पार्टियों ने टिकट नहीं दी तो वे अपने किए हुए कार्यों के बूते बतौर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। वे इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि जनता उनके कार्यकाल को नहीं नकारेगी। इन सबके बीच प्रत्याशियों का प्रचार अभियान चरम पर है और जनमत का निर्णय आगामी 15 फरवरी को मशीनें उगलेगी। दोनों दल और दोनों दलों के बागियों के बीच बाजी कौन मारेगा?... यह परिणाम महासमुंद की जनता लिखने जा रही है।

### केंद्र और राज्य से मिलेगा पूरा सहयोगः चोपड़ा

भाजपा प्रत्याशी डॉ. विमल चोपड़ा का कहना है कि वे अपने बतौर नगर पालिका अध्यक्ष के पुराने अनुभवों और विधायकी कार्यकाल के साथ वर्तमान में



शहरी आवश्यकता को समझते हुए आगे कार्य करने का भरोसा जताया है। उन्होंने कहा है कि केंद्र और राज्य में सरकार होने का फायदा शहरवासियों को मिलेगा। साथ ही सांसद और विधायक के भी भाजपा के होने के कारण उन्हें शहर विकास की रूपरेखा को अमलीजामा पहनाने में सफलता मिलेगी। शहवासियों को उनके कार्यकाल की उपलब्धियां आज भी याद हैं। शहर वासियों के लिए 24 घंटे जलापूर्ति, गोकुल नगर की स्थापना, रिंग रोड निर्माण के साथ नगर निगम में उन्नयन भाजपा और भाजपाई नपाध्यक्ष की प्राथमिकताओं में शामिल होगा।

### समानता के अधिकार के तहत कराएंगे विकासः निखिलकांत



कांग्रेस प्रत्याशी निखिलकांत साहू की मानें तो वे शहरवासियों को एक बेहतर, युवा और विकासपरक सोच वाले अध्यक्ष की आवश्यकता है, जिसे पूरा करने शहरवासी स्वयं इस बात को लेकर तत्पर नजर आ रहे हैं। इस बात से फर्क नही पड़ता की प्रदेश में सरकार किसकी है अथवा नहीं। सरकार का कार्य है प्रदेश में सभी नगरीय निकायों और प्रदेश की जनता को समानता का अधिकार देना। भ्रामक प्रचार हो रहा है कि भाजपा के राज में कांग्रेसी अध्यक्ष चुने जाने पर शहर विकास बाधित होगा।

#### आमने- सामने

### कांग्रेसी कार्यकाल में भाजपाई अध्यक्ष को हटाने वाले आज उपकृतः प्रकाश



बीते कार्यकाल के प्रथम ढाई साल अध्यक्ष रहने निर्दलीय प्रत्याशी प्रकाश चंद्राकर की मानें तो स्थानीय संगठन द्वारा आवेदन दिए जाने के बाद भी उनके नाम पर सहमति नहीं जताई गई और अब तो पैराशूट प्रत्याशी को मैदान में उतारकर कार्यकर्ताओं के मंशा को नकारने का कार्य किया है। शहरवासियों को ग्रीष्मकाल में 3 बार पानी, शहर के सौंदर्यीकरण की दिशा में प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य कई सौगातों के बाद जनआकांक्षाओं के अनुरूप ही वे चुनाव मैदान में है।

### पहले बहन-बेटी अब बहू बनकर कर रही सेवाः राशि



बीते कार्यकाल के शेष ढ़ाई साल अध्यक्ष रही निर्दलीय और एकमात्र महिला प्रत्याशी राशि त्रिभुवन महिलांग ने कहा है कि वे शहर वासियों की पहले बेटी और बहन फिर अब बहू बनकर भी अपनी सेवा में जुटी रहीं। पार्टी से उन्हें टिकट नहीं मिला, इसका मलाल जरूर है लेकिन, आम जन के दिलों में उनके कार्यकाल में हुए कार्यों की अमिट छाप, आज भी उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान कर रही है।

# दीपक की रोशनी और किरण का प्रकाश करेगा कमाल भाजपा और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की प्रतिष्ठा दांव पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर के 2 नेता 2 प्रमुख राष्ट्रीय दल के प्रदेश संगठन के प्रमुख हैं। इसलिए दोनों पर न केवल बस्तर की, बल्कि पूरे प्रदेश के चुनाव की जिम्मेदारी है। नगरीय निकाय के बाद पंचायत चुनाव होना है। फिलहाल दोनों नेता प्रदेश के पूरे क्षेत्र के साथ-साथ बस्तर संभाग पर भी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। विशेषकर बस्तर जिला जो दोनों का गृह क्षेत्र है, इसके परिणाम इनके लिए काफी अहम होगा। सत्ताधारी पार्टी भाजपा की कमान जगदलपुर के विधायक किरण देव पर है। वहीं प्रदेश की प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस संगठन प्रमुख दीपक बैज हैं। दीपक अपने खास समर्थक प्रदेश संगठन के महामंत्री

### दोनों चाहते हैं हर हाल में महापौर हमारा बने





मलकीत सिंह गैदू को नगर निगम जगदलपुर के महापौर चुनाव में उतारा है। वहीं किरण देव ने नगर निगम की राजनीति में लंबी पारी खेल रहे पार्षद, नेता प्रतिपक्ष और एमआईसी सदस्य रहे संजय पाण्डेय पर भरोसा किया है। इस तरह जगदलपुर का महापौर जीताना दोनों प्रदेश अध्यक्ष के लिए प्रतिष्ठा का सवाल है। किरण देव स्वयं भी महापौर रह चुके है, इसलिए वे नगर सत्ता की चुनावी रणनीति को भलीभांति जानते हैं। वहीं दीपक बैज ने ट्रांसपोर्ट व्यवसायी जो लंबे समय तक बस्तर परिवहन संघ के अध्यक्ष रहकर अब कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू पर भरोसा किया है। वैसे दीपक विधायक और सांसद रह चुके है, इसलिए वे भी चुनावी गणित को समझने वाले महारथी है, यही कारण है कि उन्हें आलाकमान ने प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी हैं। यह चुनाव किरण और दीपक के लिए काफी मायने रखता है। देखना है दीपक की रोशनी और किरण का प्रकाश कैसा कमाल करता है।

वैसे कहा भी जाता है राज्य की सत्ता की हवा बस्तर से चलती है। छत्तीसगढ़ में दोनों दल के कई महारथी और दबंग नेताओं के होने के बावजूद बस्तर के किरण और दीपक प्रदेश की राजनीति के न केवल मुखिया हैं, बल्कि उनके इशारे से प्रदेश की राजनीति चलती है और प्रदेश का मुखिया मतलब आलाकमान का भरोसेमंद व्यक्ति होना है। यही कारण है कि पूरे प्रदेश के चुनाव पर नजर रखकर बस्तर की राजनीति को उच्च प्राथमिकता में दोनों नेताओं ने रखा है और महापौर समेत बस्तर संभाग के नगर पालिका और नगर पंचायत के अध्यक्षों सहित वार्ड पार्षदों के लिए भी दोनों गली-गली, डगर-डगर, वार्ड-वार्ड पहुंचकर पसीना बहा रहे हैं।

### महापौर के साथ ज्यादा पार्षद भी जीते

किरण देव और दीपक बैज महापौर प्रत्याशी के साथ-साथ शहर के सभी 48 वार्ड में हो रहे चुनावी प्रचार के साथ-साथ पार्षदों के सीधे सम्पर्क में हैं। वे वार्ड प्रभारियों से भी प्रत्याशी की स्थिति पर प्रतिदिन रिपोर्ट ले रहे हैं। जहां प्रत्याशी कमजोर पड़ रहा है, वहां अधिक जोर लगाने के लिए हर तरह की रणनीति बनाते हुए साधन-संसाधन पर भी जोर दे रहे हैं। कुल मिलाकर किरण और दीपक का यह प्रयास चल रहा है कि महापौर के साथ-साथ नगर की सत्ता में भी ज्यादा पार्षद चुन कर आएं और हमारा दल तिकड़ी बना सके। नगर निगम बनने के बाद जगदलपुर का यह 5वां चुनाव है। दो-दो बार भाजपा कांग्रेस को शहर की जनता ने मौका दिया है। अब पांचवी बार किसे जीत मिलेगी, इस पर दोनों प्रदेश अध्यक्ष पूरी ताकत झोंक रहे हैं। उनके गृह क्षेत्र का सवाल है इसलिए भविष्य की राजनीति को देखते हुए दोनों अपनी प्रतिष्ठा को आगे ले जाने की कोशिश में लगे हैं।

रायपुर

शनिवार, 8 फरवरी 2025

माघ शुक्ल पक्ष एकादशी

वर्ष : 23, अंक : 203

पृष्ठ : 12+6+4 = 22 मूल्य : 5.00**

मौसम

अधि. 30.5

न्यून. 17.8

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




खैरागढ़ जिले के घोर नक्सलग्रस्त नवागांव (बर) पंचायत में आपसी सहमति से फैसला

# चार गांव के लोग जुटे और माहौल खराब न हो इसलिए सरपंच और 11 पंचों को बिना लड़े चुन लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घोर नक्सल इलाके के नाम से पहचाने जाने वाले खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के नवागांव बर ग्राम पंचायत में धन-बल की बजाय आपसी सहमति के आधार पर पंचायत चुनाव की प्रक्रिया पूरी की गई। लोकतांत्रिक व्यवस्था का मजबूत उदाहरण पेश करते सरपंच से लेकर पंचों का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव में आपसी प्रतिस्पर्धा के कारण मनमुटाव की स्थिति निर्मित हो जाती है। इसे रोकने के लिए यह सर्वसम्मति के तहत निर्णय लिया गया। नक्सलगढ़ की ग्राम पंचायत द्वारा लिए गए इस निर्णय की पूरे राज्य में प्रशंसा हो रही है।

खैरागढ़ जिले के अंदरूनी इलाके के नवागांव (बर) पंचायत के ग्रामीण मतदाताओं ने सरपंच और पंचों को निर्विरोध चुनकर एक मिसाल पेश की है। बताया जाता है कि ग्रामीणों ने आपसी रजामंदी से एक बैठक में तय किया कि राजनीतिक द्वंद में गांव का माहौल खराब न हो, इसलिए एक मत से निर्विरोध चुन लिया गया। इस आधार पर ग्रामीणों ने श्रीमती लता नेताम को सरपंच चुना। वहीं पंचायत के 11 वार्डों के प्रतिनिधि के तौर पर पंचों को भी निर्विरोध चुना गया।

### अच्छी पहल

नवगांव बर पंचायत ने एक अच्छा उदाहरण पेश किया है। यह काबिले तारीफ फैसला है। ऐसे में पंचायत को शासन द्वारा निर्धारित प्रोत्साहन राशि नियम के आधार पर प्रदान की जाएगी।

- प्रेम कुमार पटेल, सीईओ, जिला पंचायत

### ग्राम पंचायत में 1035 मतदाता

एक हजार 35 मतदाता वाले नवागांव पंचायत 2005 में लछना पंचायत से अलग होकर अस्तित्व में आया था। यह पहला मौका है कि इस पंचायत में सभी निर्विरोध चुने गए। आसन्न त्रि-स्तरीय चुनाव में खैरागढ़ जिले से निर्विरोध सरपंच-पंच चुने जाने वालह संभवतः यह पहली पंचायत है। इस ग्राम पंचायत के अधीन 4 गांव है। जिसमें करेलागढ़, बरगांव, टेमरी और नवागांव शामिल है।


श्रीमती लता नेताम सरपंच

### जलसंकट को दूर करना प्राथमिकता

निर्विरोध रूप से निर्वाचित हुए सरपंच लता नेताम ने हरिभूमि से बातचीत करते कहा कि गांव से जल संकट को दूर करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नल-जल योजना का काम अधूरा पड़ा है। वहीं टेमरी गांव को जोड़ने वाले पुल की मरम्मत के लिए वे पहल करेंगी।

### बैठक में जुटे चार गांव के ग्रामीण

नवागांव बर में पंचायत चुनाव को निर्विरोध कराने के लिए चार गांव के ग्रामीणों ने पिछले 15 दिन पहले गांव में बैठक आहूत की थी। बताया जाता है कि ग्रामीणों ने गौठान का कामकाज संभाल रही लता नेताम को सर्वसम्मति से सरपंच बनाने का निर्णय लिया।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### टैंकर-मिनी बस व बाइक में भिड़ंत, छह की मौत



इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में शुक्रवार तड़के कर्नाटक के श्रद्धालुओं की मिनी बस और स्पोर्ट बाइक की टैंकर से भीषण भिड़ंत में तीन महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हो गए।

### दो सौ करोड़ की ड्रग्स समेत चार गिरफ्तार



मुंबई। एनसीबी ने नवी मुंबई से चार लोगों को गिरफ्तार कर 200 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए। एनसीबी की मुंबई क्षेत्रीय इकाई के एक अधिकारी के अनुसार कुछ मादक पदार्थ कूरियर या छोटी कार्गो सेवाओं से अमेरिका से मंगाए गए हैं।

### महिला आयोग से न्याय की उम्मीद न करें : करुणा शर्मा



संभाजीनगर। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री धनंजय मुंडे की पहली पत्नी करुणा शर्मा मुंडे ने कहा कि उन्हें राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रुपाली चकंकर से न्याय की उम्मीद नहीं है। चकंकर सत्तारूढ़ राकांपा से ताल्लुक रखती हैं।

**20 साल से सरपंच रहे, इस बार फिर प्रत्याशी**

# घर घुसकर 6 नकाबपोश बदमाशों ने मार डाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार

पंचायत चुनाव के नजदीक आते ही अंदरूनी क्षेत्रों में नक्सलियों का दबाव बढ़ने लगा है। अब जैसे जैसे पंचायत चुनाव नजदीक आ रहा है, उनका खूनी खेल शुरू हो गया है। दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा ब्लाक के अरनपुर थाना क्षेत्र से महज 3 किलोमीटर दूर सरपंच पारा में 20 वर्ष से सरपंच रहे जोगा बारसे की घर में सोते हुए निर्मम हत्या नकाबपोश हत्यारों ने कर दी है। इस चुनाव में जोगा बारसे सरपंच प्रत्याशी के रूप में खड़े हुए थे।

**पुलिस हत्या को नक्सली और राजनीतिक दोनों एंगल से जांच रही**

परिजनों का कहना है कि देर रात सादे कपड़े में नकाबपोश 6 लोग धारदार हथियार लेकर पहुंचे थे, पहले दरवाजे को टंगिया से तोड़कर अंदर घुसे, जहां जोगा सो रहा था। दरवाजा तोड़ने की आहट से जोगा पीछे धान के कुठार वाले कमरे में जान बचाने के लिये छिपने का प्रयास किया। जोगा की हत्या करने पहुंचे आरोपियों ने पहले उसकी पत्नी को बंधक बना लिया। उसके बाद जोगा की चाकू से गोदकर और सब्बल मारकर हत्या कर दी।

**पंचायत चुनाव के पहले खूनी खेल**



- नकाबपोश हमलावरों ने दरवाजा तोड़कर वारदात को दिया अंजाम

### घटना के बाद से दहशत और सन्नाटा

वारदात के बाद घटन स्थल पर नक्सली पर्चा नहीं मिला है। पंचायत चुनाव के मद्देनजर पुलिस इसे राजनीतिक एंगल से भी देख रही है, क्योंकि जोगा लंबे समय से राजनीति में सक्रिय था। जोगा के पुत्र ने बताया कि रात को चिल्लाने की आवाज सुनकर बाहर आया तो दो लोग गुप्ती लेकर मेरी तरफ मारने दौड़े, मैं अंदर की तरफ डरकर भाग गया। घटना के बाद सुबह अरनपुर थाने से फॉरेंसिक जांच टीम के साथ पहुंची। जहां हथियार और घटना स्थल पर खून के निशान का सैम्पल लिया गया है। दो दिन पूर्व ककाड़ी गांव में एक ग्रामीण की हत्या की गयी थी।

## आईएसआई व आतंकी संगठनों की साजिश जांबाज सैनिकों ने की नाकाम

# सीमा पर सेना की चौकी को उड़ाने घुसे सात घुसपैठिए मारे गए, इनमें तीन पाक सैनिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर स्थित भारतीय सेना की चौकी पर पाकिस्तानी घुसपैठियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले के प्रयास को सेना के जवानों ने विफल कर दिया। इस दौरान सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 2-3 पाकिस्तानी सैन्यकर्मियों सहित कुल 7 घुसपैठियों को ढेर कर दिया।

भारतीय सेना ने जम्मू और कश्मीर के पुंछ जिले में स्थित नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान की बॉर्डर एक्शन टीम (बीएटी) के हमले की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। आर्मी ने 4 और 5 फरवरी की रात को सात घुसपैठियों को मार गिराया गया। बता दें ये अपने सीमा पार अभियानों के लिए जानी जाने वाली बीएटी को उस समय रोका गया जब वह एक भारतीय चौकी पर हमला करने की फिराक में थी। हमलावरों के अल-बद्र समूह से जुड़े होने की संभावना है। पाकिस्तान की अग्रिम चौकी पर खड़े घुसपैठियों के साथी सतर्क हो गए और मारे गए घुसपैठियों के शवों को ले गए।

**हमलावरों के अल-बद्र समूह से जुड़े होने की संभावना**

### कृष्णाघाटी सेक्टर में घात लगाए बैठे थे घुसैपटिए

रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस के एक एजेंट सहित एक दर्जन घुसपैठियों ने 5 फरवरी की रात को पुंछ जिले के कृष्णाघाटी सेक्टर स्थित भारतीय सेना की एक चौकी पर घात लगाकर हमले का प्रयास किया था, लेकिन सेना की मुस्तैदी से यह विफल हो गया।

### पाकिस्तान सेना में कार्यरत थे 3 घुसपैठिए

सेना के अनुसार मारे गए 7 घुसैपठियों में से 2-3 पाकिस्तानी सेना के नियमित जवान थे। इसी तरह अन्य आतंकियों के अल-बद्र समूह का सदस्य होने की आशंका है। सूत्रों ने बताया कि सीमा पार ऑपरेशन के लिए विशेष इकाई के रूप में काम करने वाली पाकिस्तान की बीएटी ने यह साजिश रची थी।



### पाक पीएम ने जताई थी बातचीत की इच्छा

यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि वह भारत के साथ कश्मीर समेत सभी मुद्दों को बातचीत के जरिए सुलझाना चाहते हैं। दिलचस्प बात यह है कि यह ताजा पहल ऐसे समय में हुई है जब जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी संगठनों के कमांडरों ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एक सम्मेलन आयोजित किया है।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में 12 आतंकी मारे गए

पेशावर। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षाबलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियान में 12 आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा के अनुसार, यह अभियान उत्तरी वजीरिस्तान के हसन खेल इलाके में पांच-छह फरवरी की दरमियानी रात को चलाया गया जिसमें एक सुरक्षाकर्मी की भी जान चली गई है। बयान में यह भी कहा गया कि अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने आतंकवादी ठिकानों को पुख्ता तरीके से निशाना बनाया और 12 आतंकवादियों को मार गिराया। आतंकवादियों के कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं और ये आतंकी सुरक्षाबलों के साथ-साथ नागरिकों के खिलाफ कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल थे।

## दिल्ली में किसके सिर ताज, फैसला आज

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव में डाले गए वोटों की गिनती आज सुबह 8 बजे से शुरू हो जाएगी। ऐसे में चुनाव आयोग और प्रशासन सुरक्षा को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है। राजधानी की 19 जगहों पर हर एक विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 70 स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में 70 विधानसभा सीटों के लिए कुल 699 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा हैं, जिसमें सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस के बीच टक्कर है।

### इन सीटों पर सबकी नजर

इस चुनाव में प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में नई दिल्ली शामिल है, जहां अरविंद केजरीवाल ने भाजपा के प्रवेश वर्मा और कांग्रेस के संदीप दीक्षित के खिलाफ चुनाव लड़ा है। अन्य प्रमुख मुकाबलों में कालकाजी में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी का मुकाबला कांग्रेस की अलका लांबा और भाजपा के रमेश बिधूड़ी से है।

## महाकुंभ में फिर लगी आग, 22 टेंट जलकर हुए खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महाकुंभ नगर

महाकुंभ नगर के सेक्टर-18 में स्थित इस्कॉन के शिविर में शुक्रवार सुबह आग लग गई जिसमें करीब 20 से 22 टेंट जलकर खाक हो गए। अधिकारियों ने बताया कि दमकलकर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया है और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

**कोई हताहत नहीं**



### तेज हवा के कारण कुछ शिविर आए चपेट में

उन्होंने बताया कि हवा तेज होने के कारण पास के अतुलेश्वर धाम और देवी संपत्ति के कुछ शिविर भी आग की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि हालांकि, आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। संभवतः शॉर्ट सर्किट से यह आग लगी।

**बरेली में वीभत्स हादसा**

## मांझा फैक्ट्री में ब्लास्ट, मालिक सहित तीन के चीथड़े उड़े

बरेली। मांझा फैक्ट्री में ब्लास्ट होने से मालिक सहित 3 लोगों की मौत हो गई। मरने वाले तीनों के चीथड़े उड़ गए। आसपास का इलाका थर्रा गया। लोगों को लगा कि भूकंप आया है। हादसा इतना वीभत्स था कि किसी का हाथ तो किसी का पैर कटकर अलग हो गया था। फैक्ट्री मालिक अतीक रजा, और मजदूर सरताज की मौत हो गई थी। मजदूर फैजान को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी भी मौत हो गई।

### केमिकल बनाते समय हुआ ब्लास्ट

सीओ ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि गंधक और पोटाश शीशे के पाउडर के साथ केमिकल बनाते समय ब्लास्ट हुआ। सल्फर और पोटाश का यूज करके मांझे को धार दी जाती है। वहीं काम इनके द्वारा यहां किया जा रहा था। उसी में पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- सुरक्षा करें**

## आसाराम की डॉक्यूमेंट्री बनाने वाले चैनल कर्मियों को धमकी

नई दिल्ली। आसाराम के जिस 'कल्ट ऑफ फियर' की कहानी डिस्कवरी ने लोगों को दिखाई, उसके कर्मचारी डरा हुआ महसूस कर रहे हैं। आसाराम समर्थकों के आतंक के चलते ओटीटी प्लेटफॉर्म डिस्कवरी प्लस के कर्मचारी खौफ में जी रहे हैं। सुनवाई में सीजेआई संजीव खन्ना ने कर्नाटक, महाराष्ट्र, प.बंगाल, दिल्ली, हरियाणा, तेलंगाना और तमिलनाडु की पुलिस को कर्मियों को अंतरिम सुरक्षा देने कहा है।

### खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

कंपनी ने पुलिस में शिकायत की, मगर कार्रवाई नहीं हुई तो वह सुप्रीम कोर्ट पहुंची। दस्तावेज बताते हैं कि आसाराम समर्थक फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रुकवाने के लिए कई हथकंडे अपना रहे हैं। महिला कर्मचारियों को दुष्कर्म करने की धमकियां भी दी जा रही है।




## चिंतन

# रेपो दर में कटौती से घरेलू उपभोग को मिलेगा बढ़ावा

हुजूर आते आते बहुत देर कर दी। रिजर्व बैंक को रेपो रेट में कटौती करने का फैसला करने में पांच साल लग गए। जिस महंगाई के तथ्य को आधार बनाकर केंद्रीय बैंक रेपो रेट में कटौती नहीं कर रहा था, महंगाई की स्थिति कमोबेश आज भी वही है। बस रिजर्व बैंक का गनर्वर बदल गया है। कई सर्वेक्षणों और आकलनों में साफ हो चुका है कि केवल मौद्रिक उपायों से ही महंगाई पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता है, उत्पादन व आपूर्ति तंत्र को भी दुरुस्त करने की आवश्यकता है और यह काम सरकार का है। खैर देर ही सही, पर रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में चौथाई फीसदी की कटौती कर कर्ज बाजार को राहत प्रदान की है। उद्योग जगत लंबे समय से सस्ते कर्ज की मांग कर रहा था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सुस्त पड़ रही अर्थव्यवस्था को गति देने के मकसद से लगभग पांच साल बाद प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले मई, 2020 में कोविड-19 महामारी के समय रेपो दर को 0.40 प्रतिशत घटाकर चार प्रतिशत किया गया था। फिर रूस-यूक्रेन युद्ध के जोखिमों से निपटने के लिए आरबीआई ने मई, 2022 में दरों में बढ़ोतरी करनी शुरू की थी और यह सिलसिला फरवरी, 2023 में जाकर रुका था। रेपो दर करीब दो साल से 6.50 प्रतिशत पर स्थिर थी। रेपो दर घटने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में कमी आने की उम्मीद है। आरबीआई के कदम से घरेलू उपभोग में बढ़ोतरी होगी, जिससे आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। अर्थव्यवस्था में गति लाने के लिए आम बजट में भी घरेलू खपत बढ़ाने के उपाय किए गए हैं। इसमें करमुक्त आय की सीमा 12 लाख रुपये करने से लेकर सोशल वेलफेयर स्कीमों को जारी रखने और पूंजीगत व्यय बढ़ाने व इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण पर ध्यान देने तक के उपाय किए गए हैं। अब आरबीआई के कदम से लोन सस्ते होंगे, जिससे उपभोक्ता बाजार को ताकत मिलेगी। रेपो दर वह ब्याज है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। रेपो दर कम होने से आवास, कार और व्यक्तिगत ऋण पर ब्याज दर घटने की उम्मीद रहती है। रिजर्व बैंक ने आर्थिक समीक्षा के अनुमानों के दायरे में ही अगले वित्त वर्ष 25-26 के लिए आर्थिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है जबकि मुद्रास्फीति 4.2 प्रतिशत रहने की संभावना जताई है। आरबीआई ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष 24-25 के लिए सरकार के 6.4 प्रतिशत के अनुमान को बरकरार रखा है। यह चार साल का निचला स्तर है। जीडीपी ग्रोथ अनुमान के आंकड़े अर्थव्यवस्था के सुस्त होने के संकेत दे रहे हैं। इसलिए घरेलू खपत बढ़ाने पर जोर देना जरूरी है। इसके लिए बजट उपाय के बाद मौद्रिक उपाय किया गया है। अभी रिजर्व बैंक को रेपो रेट को 5 फीसदी की आदर्श स्थिति पर लाने तक रेपो रेट में कटौती का सिलसिला जारी रखना चाहिए। डिजिटल भुगतान में धोखाधड़ी से निपटने के लिए बैंकों और गैर-बैंकिंग इकाइयों के लिए विशेष इंटरनेट डोमेन- बैंक डॉट इन और फिन डॉट इन शुरू किए जाने की घोषणा स्वागत योग्य है। डॉलर के मुकाबले कमजोर हो रहे रुपये को लेकर रिजर्व बैंक वेट एंड वाच मोड में ही है। ऐसे समय में जब वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं, तो बाहरी चुनौतियों से निपटने के लिए ब्याज में कटौती से घरेलू उद्योग को समर्थन देना जरूरी है।



विमर्श
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

**महासभा के अध्यक्ष फ़िलेमॉन यैंग यह जानते है कि भारत संयुक्त राष्ट्र सिक्योरिटी काउंसिल में अपनी जगह बनाने के लिए प्रयत्नशील है और उसे वीटो पॉवर वाली जगह मिलनी चाहिए। भारत दुनिया के बड़े लोकतांत्रिक देशों में शुमार किया जाता है और इसकी आबादी ही ताकत है। इसे डेविडेंट के रूप में भारत मानता है। भारत ने डिजिटलाइजेशन, आईटी और मानव कल्याण की योजनाओं के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक काम किया है। इसकी ग्रोथ रेट इकॉनॉमिकली बढ़ी है और दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं में अब भारत का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। भारत के मजबूत आर्थिक प्रदर्शन के कारण इस क्षेत्र की जीडीपी 2025 में 5.7% बढ़ने का अनुमान लगाया गया है।**

# फ़िलेमॉन यैंग की भारत यात्रा अहम

भारत का यह एक ऐतिहासिक पल है जब संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फ़िलेमॉन यैंग की भारत यात्रा शुरू हुई है। यह यात्रा ऐसे समय में शुरू हुई है जब विश्व में भविष्य के लिए शिखर सम्मलेन के बाद कई तरह से परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है। सतत विकास लक्ष्य-2030 के लिए पूरी पृथ्वी के राष्ट्राध्यक्ष सतत प्रयत्न कर रहे हैं कि अधिकतम इस लक्ष्य के करीब पहुंच जाएं। यद्यपि भारत इस वर्ष यह नीति आयोग की रिपोर्ट से यह दावा कर चुका है कि उसने 71 प्रतिशत एसडीजी-2030 का लक्ष्य हासिल कर लिया है। महासभा के अध्यक्ष फ़िलेमॉन यैंग यह जानते हैं कि भारत संयुक्त राष्ट्र सिक्योरिटी काउंसिल में अपनी जगह बनाने के लिए प्रयत्नशील है और उसे वीटो पॉवर वाली जगह मिलनी चाहिए। भारत दुनिया के बड़े लोकतांत्रिक देशों में शुमार किया जाता है और इसकी आबादी ही ताकत है। इसे डेविडेंट के रूप में भारत मानता है। भारत ने आईटी, डिजिटलाइजेशन और मानव कल्याण की योजनाओं के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक काम किया है। इसकी ग्रोथ रेट इकॉनॉमिकली बढ़ी है और दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं में अब भारत का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। भारत के मजबूत आर्थिक प्रदर्शन और पड़ोसी देशों में सुधार के कारण इस क्षेत्र की जीडीपी 2025 में 5.7% बढ़ने का अनुमान लगाया गया है।

संयुक्त राष्ट्र की प्रमुख आर्थिक रिपोर्ट विश्व आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं 2025 के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था 2025 में 6.6% की दर से बढ़ने के लिए तैयार है, जो उस समय वैश्विक विकास के प्रमुख चालक के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखेगी जब समग्र विश्व अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत स्थिर रहने का अनुमान है। दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में, मजबूत निजी खपत और निवेश के कारण भारत में इस साल 6.6% और 2026 में 6.8% की वृद्धि होने की उम्मीद है। इस दृष्टि से भी यह आज कहा जा सकता है कि भारत अपने आर्थिक पक्ष से मजबूत देश है। फ़िलेमॉन यैंग भारत सरकार के निमंत्रण पर आए हैं। वह 4 से 8 फ़रवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा के दौरान राजधानी दिल्ली, भारत की सिलिकॉन वैली माने जाने वाले शहर बैंगलुर जाएंगे। वह भी चाहेंगे कि उनकी भारत यात्रा का कुछ मतलब निकले। उनकी इस यात्रा से अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के साथ-साथ भविष्य के समझौते सहित प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर भारत के साथ बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत किया जाए। फ़िलेमॉन यैंग ने कैमरून गणराज्य के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया है। जून 2024 में, उन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष के रूप में चुना गया और वह संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष के रूप में सितंबर 2025 तक रहेंगे। उनकी प्राथमिकताएं यदि देखी जाएं तो 79वें सत्र में, अध्यक्षता संभालते हुए, यांग ने अपने वक्तव्य में विभाजित विश्व को एकजुट होने और सीमाहीन वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक स्पष्ट आह्वान किया था। इसमें सूडान, हैती, यूक्रेन और गाजा के कठिन संघर्षों के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन से निपटने की भी पहल शामिल रही है। उन्होंने अपने ध्येय वाक्य विविधता में एकता, शांति की उन्नति, सतत विकास और हर जगह सभी के लिए मानव सम्मान के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र के तीन स्तंभ शांति एवं सुरक्षा, सतत



विकास, मानवाधिकार और मानवीय सहायता को रेखांकित किया था। इस दृष्टि से देखा जाए तो अभी उनके पास विजन भी है और अभी एक लंबा वक्त है, जब वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार के लिए पहल कर सकते हैं। इस मुद्दे पर बैठक हेतु देशों को आमंत्रित कर सकते हैं। इस दृष्टि से अध्यक्ष फ़िलेमॉन यैंग की यात्रा भारत के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है और भारत भी फ़िलेमॉन यैंग के लिए महत्त्वपूर्ण है। वह खुद एक स्टेट के पूर्व में नेतृत्वकर्ता के रूप में 10 वर्षों तक योगदान दे चुके हैं तो यह समझ सकते हैं कि भारत के लिए संयुक्त राष्ट्र वीटो पॉवर कितना अहम है और उसकी अहमियत वैश्विक बदलाव में क्या हो सकती है। भारत सरकार स्वयं यह चाहती है कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बने। कूटनीतिक तौर पर भारत के लिए रणनीति बहुत मजबूत है लेकिन जिन देशों का प्रतिरोध जारी है कि भारत कहीं सुरक्षा परिषद में न पहुंच जाए, उसे गंभीरता से लेने की जगह भारत को ऐसे डिप्लोमेटिक विजिट पर आए अध्यक्ष से भी शिष्टाचार भेंट के दौरान अपनी बात कहने से नहीं चूकना चाहिए। यह कोशिश करनी ही होगी कि महासभा के अध्यक्ष अपनी पहल से संयुक्त राष्ट्र विस्तार के लिए ऐसी रणनीतियां बनाएं जिसमें कुछ देश वीटो देशों में सम्मिलित हों और उसमें भारत की जगह भी सुनिश्चित हो। चीन के प्रतिरोध के बावजूद यदि कुछ और देशों को सम्मिलित करने की पहल तेज होगी और उस पर वैश्विक रायशुमारी बनेगी तो भारत आज इस स्थिति में है कि उसे विश्व के देशों को शामिल करना ही होगा। यैंग की यात्रा पूर्व में महासभा के अध्यक्षों की भांति केवल रस्म बनकर न रह जाये बल्कि इसके कुछ परिणाम भी आएं तो निश्चय ही भारत अपनी उस उपलब्धि को अर्जित कर सकेगा। हमारे प्रयास अभी तक फलीभूत क्यों नहीं हुए, इसका आकलन किया जाये तो पहली बात यह समझ आती है कि भारत को अब वैश्विक चुनौतियों को रेखांकित करके लड़ने का रिस्क लेना ज़रूरी है।

दूसरी बात, भारत की पहल और महासभा अध्यक्ष की पहल में आज अंतर समझना होगा। आज फ़िलेमॉन यैंग उस महासभा को चेयर कर रहे हैं जहां से बात बन सकती है, जहां से वह रायशुमारी के लिए देशों को एकत्रित कर अपने कार्यकाल को ऐतिहासिक बना सकते हैं, इसे चिन्हित करना ज़रूरी है। आज भारत की यदि उपलब्धियां और उसके वैभव का आकलन किया जाए तो भारत अपनी नई पहल से भी विश्व को अपनी ओर आकर्षित करता है। वैश्विक शांति हो या गरीबी और भुखमरी के खिलाफ वैश्विक आवाज़ उठाने के लिए आगे आने में कहां संकट है, समझ नहीं आता। ऐसे रिस्क भारत ले तो वह खुद अनेक विघ्न पैदा करने वाले देशों को भारत के लिए सोचने हेतु मजबूर करेगा। भारत को चाहिए कि फ़िलेमॉन यैंग की यात्रा के दौरान ऐसे अवसर के एक-एक पल को ऐसे मानस बनाने में व्यतीत हों कि वे स्वयं भारतीय गरिमा, शक्ति, सभ्यतागत वैशिष्ट्य को विश्व के समक्ष रखें और भारत की सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्यता के लिए पैरोकार बनें।

उनकी ओर से यह पहल होनी ही चाहिए कि विकासशील देशों का भी सुरक्षा परिषद में प्रतिनिधित्व स्थायी रूप से होना ज़रूरी है। तीसरे विश्व युद्ध के मोहाने पर खड़े विश्व हेतु सुरक्षा परिषद में विस्तार इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि पांच वीटो देश परमाणु हथियारों के भय से सशंकित हैं और सच में वे कुछ कहने की स्थिति में नहीं हैं और न कुछ रोकने के पक्ष में। ऐसे में यदि सुरक्षा परिषद में विस्तार होता है तो निश्चय ही किसी बड़े संकट से निपटने में आसानी होगी। फ़िलेमॉन यैंग की इस यात्रा से निःसंदेह कुछ रचनात्मक हो सकता है लेकिन यह सब तब होगा जब भारत और फ़िलेमॉन यैंग के बीच विश्व के बदलाव की इच्छाशक्ति होगी।

(लेखक पीसीयू में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## अवैध प्रवास

दिनेश शर्मा 'दिनेश'




# रोजगार के उचित व अधिक अवसर पैदा करने जरूरी

अमेरिका से निर्वासित किए गए 104 भारतीय घर लौट चुके हैं। इनके संबध में बताया गया है कि ये लोग भारत से वैध तरीके से रवाना हुए थे, किन्तु इन्होंने डंकी रूट के जरिए अमेरिका में घुसने की कोशिश की थी। अमेरिका द्वारा जारी की गई सूची में 205 भारतीयों के नाम शामिल थे। बाकी भारतीय कब भारत पहुंचेंगे, इस पर कुछ भी नहीं कहा जा सकता। अमेरिका से भारत पहुंचे भारतीयों में हरियाणा के युवाओं में सर्वाधिक 11 कैथल और 7 करनाल से हैं। वहीं अमेरिका द्वारा जारी की गई सूची को देखेंगे तो यह संख्या और बढ़ जाती है। दरअसल यह कोई नई बात नहीं है। 2008 के बाद अमेरिका से निकाले गए भारतीयों की संख्या क्रमशः 2009 में 734, 2010 में 799, 2011में 597, 2012 में 530, 2013 में 515, 2014 में 591, 2015 में 708, 2016 में 1303, 2017 में 1024, 2018 में 1180, 2019 में 2042, 2020 में 1889, 2021 में 805, 2022 में 862, 2023 में 617 और 2024 में 1368 रही है। यूएस कस्टम्स एंड बार्डर प्रोटेक्शन के डाटा के अनुसार 95000 से अधिक भारतीय अवैध तरीके से अमेरिका में घुसपैठ करते हुए पकड़े गए हैं। कनाडा और मैक्सिको बार्डर से अधिक हो रही यह घुसपैठ पिछले कुछ सालों में चार से पांच गुणा बढ़ी है। इस दौरान विभिन्न कारणों से बहुत युवा जान से भी हाथ धो बैठे हैं। ऐसे में जब इनके परिवारों तक यह सूचना पहुंचती है तो उन पर वज्रपात होता है। फिर सरकार से शव मंगाने के लिए गुहार लगानी पड़ती है। आपके लिए यह जानना भी कम दिलचस्प नहीं होगा कि हरियाणा के कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, जींद, पानीपत, यमुनानगर जैसे जिलों से हजारों युवा विदेशों में जा चुके हैं। गांव के गांव खाली हो चुके हैं और कई घरों में अब केवल बुजुर्ग शेष बचे हैं जो घरों की रखवाली करते प्रतीत होते हैं। करनाल जिले के चिड़ावा ब्लॉक के गांव घोघड़ीपुर गांव के लगभग 1200 युवा विदेश चले गए हैं। जहां के घरों की छतों पर विशालकाय मूर्तियां दूर से दिख जाती हैं। जो शायद यहां के बाशिंदों की उन विदेशी उड़ानों की ओर संकेत करती है, जो कि खतरनाक डंकी रूट्स लेकर सात समंदर पार जाते हैं। इनमें ज्यादा तादाद अमेरिका जाने वालों की है। कुछ न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी हैं। ऐसा ही जींद के दुड़ाना गांव में दिखने को मिल रहा है, जिसकी कुल आबादी में लगभग 30 प्रतिशत सिख परिवार हैं। गांव के 18 से 45 साल के 300 से ज्यादा युवक-युवतियां रोजगार पाने के लिए विदेशों में चले गए हैं।

नतीजतन गांव के बड़े-बड़े मकान खाली से दिखने लगे हैं। गांव के अधिकतर युवा कनाडा, अमेरिका, आस्ट्रेलिया, पुर्तगाल और इंग्लैंड आदि देशों में रहने लगे हैं। गांव के बड़े-बुजुर्ग विदेशों से अपने बेटा-बेटी के आने के इंतजार में जीवन यापन कर रहे हैं। जबकि युवक-युवती विदेशों से अपने घर पैसे भी खूब भेज रहे हैं, लेकिन वह वापस आने के लिए तैयार नहीं है। भारत में पहले गुजरात फिर पंजाब और अब हरियाणा के युवाओं में विदेश जाने की भावना बहुत प्रबल हो गयी है। सब ओर माता-पिता में बच्चों को विदेश भेजने और युवाओं में विदेश जाने की धुन छाई है। इस सम्बन्ध में जब हम बात करते हैं तो विदेश जाने के लिए केवल रोजगार ही एक मुख्य कारण बताया जाता है। जिसे जानकर गलत तो नहीं ही कहा जा सकता किन्तु यह बिल्कुल सही भी नहीं है। अगर आप धैर्य से इस बारे में विचार करेंगे तो पायेंगे कि यह सारी जद्दोजहद केवल रोजगार के लिए न होकर अधिक पैसों के लिए है। माता-पिता अपनी जमीन-संपत्ति बेचकर या कर्ज लेकर अपनी औलाद को विदेश भेजने के सारे खर्च का प्रबंधन करते हैं ताकि अधिकाधिक धन अर्जित किया जा सके। हालाँकि हरियाणा सरकार ने विदेश में रोजगार के लिए जाने के इच्छुक युवाओं को कबूतरबाजों के चंगुल से बचाने की जिम्मेदारी हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड (एचकेआरएनएल) को सौंपी है। इस काम में विदेश सहयोग विभाग उसकी मदद करेगा। कॉलेजों में अभी तक करीब 30 हजार छात्र-छात्राओं के निशुल्क पासपोर्ट भी बनाए गए हैं। किन्तु यह पर्याप्त जान नहीं पड़ता। अब समय आ गया है कि हमें गांव, प्रदेश और देश की स्थितियों और संसाधनों के दृष्टिगत विचार करना होगा और इस प्रकार की समस्याओं का समाधान तलाशना होगा। अब आवश्यता है कि जिस युवा शक्ति का हवाला हम पूरी दुनिया को देते हैं, उसके लिए अनुकूल, उसके सपनों के वातावरण का निर्माण करना होगा। रोजगार के उचित और अधिक अवसर पैदा करने होंगे ताकि युवा शक्ति सम्मान से अपने वतन में खुशहाल जीवन व्यतीत कर सके।

(लेखक शिक्षाविद् व रचनाकर्मी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## समय के साथ 'धर्म और अध्यात्म' के अर्थ बदलते जा रहे हैं



संकलित
दर्शन

संप्रति कितने ही धर्मात्मा इसका श्रेय लेते हैं कि चूंकि वे किसी धर्म को मानते हैं लिहाजा आध्यात्मिक भी हैं। जबकि यह सही नहीं है। धर्म और अध्यात्म जैसे गूढ़ शब्दों का मर्म विरले ही समझ पाए हैं। वैसे हम सभी किसी न किसी धर्म को मानने वाले हैं। हमारा धर्म जन्म से पूर्व ही निर्धारित हो जाता है। उन्हीं संस्कारों के साथ हम पलते-बढ़ते हैं। हममें से कई अध्यात्म के पथ पर चलने को उत्सुक होते हैं, किंतु देखने में आता है कि धार्मिकता और आध्यात्मिकता के बीच महीन अंतर जान पाने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं। दरअसल अपने ईश्वर प्रेम के चरम लक्ष्य की प्राप्ति ही मनुष्य को आध्यात्मिकता की ओर ले जा सकती है-फिर धर्म मार्ग कोई भी हो। हम स्वयं अनेक धार्मिक विधि-विधानों से जीवनपर्यंत बंधे रहते हैं, जो वास्तव में बाहरी क्रियाएं हैं। ज्ञानीजन मानते हैं कि धर्म धैर्यपूर्वक इंद्रियों को वश में कर अपने और प्रियजनों को सुरक्षित, विद्यावान और समृद्ध बनाने की युक्ति है, जो अकारण ही समाज को संप्रदायों में बांट लेने का कारण बन पड़ती है। जबकि अध्यात्म परस्पर मेल का साधन है, जिसका ध्येय दिव्य प्रेम को प्राप्त करना है, जो मनुष्य को उच्चतम अवस्था में ले जा सके। दुर्भाग्यवश समय के साथ धर्म और अध्यात्म के अर्थ अपनी सुविधानुसार बदलते जा रहे हैं। दोनों अपनी मूल अभिव्यक्ति खोने लगे हैं। धर्म को मानने वाले कुछ लोग, जिन पर समाज विश्वास करता है, जब स्वयं दिशाहीन होते जा रहे हैं, तब वे कैसे आमजन को अध्यात्म का गूढ़ अर्थ समझा सकने में सक्षम हो सकते हैं?

## अपनी गठरी टटोलें



संकलित
प्रेरणा

दो आदमी यात्रा पर निकले! दोनों की मुलाकात हुई, दोनों का गंतव्य एक था तो दोनों यात्रा में साथ हो चले। सात दिन बाद दोनों के अलग होने का समय आया तो एक ने कहाः भाई साहब! एक सप्ताह तक हम दोनों साथ रहे क्या आपने मुझे पहचाना? दूसरे ने कहाः नहीं, मैंने तो नहीं पहचाना। पहला यात्री बोलाः महोदय मैं एक नामी ठग हूँ परन्तु आप तो महाठग हैं। आप मेरे भी गुरू निकले। दूसरा यात्री बोलाः कैसे? पहला यात्रीः कुछ पाने की आशा में मैंने निरंतर सात दिन तक आपकी तलाशी ली, मुझे कुछ भी नहीं मिला। इतने दिन साथ रहने के बाद मुझे यह पता है आप बहुत धनी व्यक्ति हैं और इतनी बड़ी यात्रा पर निकले हैं तो ऐसा कैसे हो सकता है कि आपके पास कुछ भी नहीं है? बिल्कुल खाली हाथ हैं! दूसरा यात्रीः मेरे पास एक बहुमूल्य हीरा है और थोड़ी-सी रजत मुद्राएं भी है। पहला यात्री बोलाः तो फिर इतने प्रयत्न के बावजूद वह मुझे मिले क्यों नहीं? दूसरा यात्रीः मैं जब भी बाहर जाता, वह हीरा और मुद्राएं तुम्हारी पोटली में रख देता था और तुम सात दिन तक मेरी झोली टटोलते रहे। अपनी पोटली सँभालने की जरूरत ही नहीं समझी। तो फिर तुम्हें कुछ मिलता कहाँ से! ईश्वर नित नई खुशियाँ हमारी झोली में डालते हैं परन्तु हमें अपनी गठरी पर निगाह डालने की फुर्सत ही नहीं है, यही सबकी मूलभूत समस्या है। जिस दिन से इंसान दूसरे की ताकझाख बंद कर देगा उस क्षण सारी समस्या का समाधान हो जाएगा। अपनी गठरी टटोलें!

## अंतर्मन




## आज की पाती

### चीन से मुकाबले के लिए ठोस रणनीति जरूरी

हमें यह भी समझना होगा कि आखिर क्यों चीन आर्थिक स्थिति में हमसे मजबूत है? जबकि सन 1990 तक हमारा देश और चीन विकास के मामले में लगभग एक धरातल पर खड़े थे, लेकिन उसके बाद चीन आगे क्यों बढ़ता गया और हमारा देश इससे पिछड़ता गया। अब दोनों की अर्थव्यवस्थाओं में एक खाई क्यों पट चुकी है? इसका कारण यह है कि हमारा देश जातिवाद, धर्म के नाम पर आरक्षण के दलदल में धंसता गया, मुफ्तखोरी और रेवड़ी संस्कृति हमारे देश में फलने फूलने लगी, कृषि प्रधान होने के बावजूद देश में लोगों की रुचि कृषि से घटती गई, नागरिकों की भी रुचि चाईना के सामान की तरफ बढ़ती गई और सरकारों की गलत नीतियों के कारण चीन का व्यापार हमारे देश में मजबूत होता चला गया।

- **संकेत देशमुख**, दुर्ग

## ट्रेंड

### कामेश्वर का निधन दुःखद

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के स्थायी सदस्य और भाजपा के वरिष्ठ नेता कामेश्वर चौपाल का निधन दुःखद है। प्रभु श्रीराम दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करें। ॐ शांति।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**



### देश का स्वाभिमान

महिलाओं व बच्चों सहित गुजरात, पंजाब व हरियाणा आदि राज्यों के 104 भारतीयों को हथकड़ी व पांव में बेड़ी डालकर अमानवीय तरीके से अमेरिका द्वारा सैन्य विमान से वापस भेजे गए भारतीयों का मामला अति-दुखद तथा देश के स्वाभिमान से जुड़ा व ठेस पहुँचाने वाला अति-चिन्तनीय।

**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**



### वोटों का सारा ब्यौरा

कई अनुरोधों के बावजूद चुनाव आयोग ने फॉर्म 17सी और प्रत्येक विधानसभा में प्रति बूथ डाले गए वोटों की संख्या अपलोड करने से इनकार कर दिया है। 'आप' ने एक वेबसाइट बनाई है, जहां वोटों का सारा ब्यौरा है।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**



### अग्नि निरीक्षण व सर्वेक्षण

हम फिर से शासन-प्रशासन को जगाते हुए माँग करेंगे कि 'अग्नि निरीक्षण और सर्वेक्षण' कराया जाए। ये एक अति गंभीर मामला है और लोगों की ज़िंदगी का सवाल भी है। **-अखिलेश यादव, सपा सांसद**



## करंट अफेयर

# यूएनआरडब्ल्यूए के अस्तित्व को खतरा

फलस्तीनी शरणार्थियों से संबंधित संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी के प्रमुख ने कहा है कि इजराइली प्रतिबंध से एजेंसी के कामकाज पर कोई असर नहीं पड़ा है लेकिन दीर्घावधि में इसके 'अस्तित्व को खतरा' है। संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के महाआयुक्त फिलिप लाजारिनी ने बेरूत की यात्रा के दौरान कहा, 'मेरा स्पष्ट रूप से मानना है कि एजेंसी के सामने आने वाली सभी बाधाओं और दबाव के बावजूद, हमारा उद्देश्य तब तक काम करते रहना है जब तक हमें रोका नहीं जाता।' पिछले सप्ताह इजराइल ने औपचारिक रूप से यूएनआरडब्ल्यूए पर अपने क्षेत्र में काम करने से रोक लगा दी थी। लाजारिनी ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप, अंतरराष्ट्रीय कर्मचारियों को पूर्वी यरुशलम छोड़ना पड़ा क्योंकि उनके वीजा की अवधि समाप्त हो गई थी, लेकिन गाजा और वेस्ट बैंक में संचालन पर तत्काल कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा कि पूर्वी यरूशलम में भी यूएनआरडब्ल्यूए द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य और अन्य सेवाएं 'जारी हैं, हालांकि जरूरी नहीं कि उनका दायरा पहले जैसा हो।'




## ऑफ बीट

# क्या है बोटुलिज्म? कैसे बोटोक्स से जुड़ी हुई है

बोटोक्स या बोटुलिनम टॉक्सिन, 'क्लोस्ट्रीडियम बोटुलिन' नाम के जीवाणु द्वारा उत्पादित 'टॉक्सिन' से बनी दवा है। बोटोक्स टॉक्सिन एक 'न्यूरोटॉक्सिन' है, जो केंद्रीय तंत्रिका तंत्र में कोशिकाओं के कामकाज में बाधा पैदा करता है। विशेष रूप से, यह 'न्यूरोटॉक्सिन' आपके तंत्रिकाओं द्वारा आपकी मांसपेशियों को भेजे जाने वाले संदेशों को अवरुद्ध करता है, जो उनके सिकुड़ने का कारण बनता है। इस तरह यह अस्थायी रूप से झुर्रियों को कम कर सकता है। बोटोक्स को अक्सर कॉस्मेटिक अनुप्रयोगों के लिए जाना जाता है और इसका उपयोग कुछ चिकित्सा स्थितियों, जैसे कि पुराने माइग्रेन और मांसपेशियों में ऐंठन के उपचार में भी किया जा सकता है। 'बोटोक्स इंजेक्शन' में बहुत कम सांद्रता वाले टॉक्सिन का उपयोग किया जाता है। इसके दुष्प्रभाव (जैसे इंजेक्शन वाली जगह पर अस्थायी दर्द और सूजन) की संभावना के बावजूद लाइसेंस प्राप्त स्वास्थ्य चिकित्सकों की निगरानी में बोटोक्स को आम तौर पर सुरक्षित माना जाता है। बोटुलिज्म भी बैक्टीरिया सी. बोटुलिनम द्वारा उत्पादित टॉक्सिन के कारण होता है। बोटोक्स इंजेक्शन से जुड़े बोटुलिज्म के मामलों के लिए अतीत में नकली उत्पाद या इसके गलत तरीके से इस्तेमाल को जिम्मेदार ठहराया गया है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



सत्यमेव जयते
गुजरात सरकार



## आज से ही, भविष्य के लिए तैयार

# उभरते क्षेत्रों के लिए गुजरात के समृद्ध इकोसिस्टम में निवेश करें

गुजरात अपनी प्रगतिशील और व्यवसाय-हितैषी नीतियों आत्मनिर्भर गुजरात योजना, नवीकरणीय ऊर्जा नीति, सेमीकंडक्टर नीति और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए वेस्ट लैंड नीति जैसी दूरदर्शी पहलों के माध्यम से उभरते क्षेत्रों में अग्रणी स्थान बनाए हुए है। विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे और दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ, गुजरात निरंतर विकास और उत्कृष्ट व्यावसायिक प्रदर्शन को सुनिश्चित कर रहा है।


## उभरते क्षेत्रों में अवसर




## उभरते क्षेत्रों में निवेश का अग्रणी केंद्र

- भारत की पहली सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन सुविधा का शिलान्यास धोलेरा में
- **साणंद में सेमीकंडक्टर ATMP** और **OSAT** संयंत्र निर्माणाधीन
- "मेक इन इंडिया" के तहत भारतीय वायुसेना के लिए **C295 विमानों का निर्माण** वडोदरा में शुरु
- भारत का पहला **लिथियम-आयन सेल गीगा**-फैक्ट्री (20 GW) अहमदाबाद में शुरु होने वाला है
- **भारत की पहली सोलर गीगा-फैक्ट्री** जामनगर में शुरु होने वाली है

## गुजरात में निवेश यानी भविष्य में निवेश



# 'फौजी' में हुई अनुपम की एंट्री!

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार प्रभास इन दिनों अपनी कई फिल्मों के निर्माण में व्यस्त है, जिसमें से एक है 'फौजी'। यह वॉर ड्रामा फिल्म हनु राघवपुडी द्वारा निर्देशित है। प्रभास के साथ फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर इसमें  नजर आ सकते हैं। अगर रिपोर्ट्स सच हैं तो कार्तिकेय 2 और टाइगर नागेश्वर राव के बाद यह उनकी तीसरी तेलुगु फिल्म होगी। फौजी एक एक्शन ड्रामा है, जिसमें प्रभास एक आर्मी ऑफिसर की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण यूवी क्रिएशन्स द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रभास कई फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। प्रभास, मारुति दासारी द्वारा निर्देशित हॉरर कॉमेडी द राजा साब की भी शूटिंग कर रहे हैं।, जिसे भी बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है। पाइपलाइन में इतनी सारी फिल्में होने के कारण, प्रभास बिना किसी ब्रेक के लगातार काम कर रहे हैं।

लाइफ Style

# ईशा गुप्ता

## सनातन धर्म के लिए आई हूं



बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा गुप्ता ने हाल ही में पवित्र स्नान करने के लिए प्रयागराज में महाकुंभ का दौरा किया। वो इस पवित्र कार्यक्रम में भाग लेने वाली कई हस्तियों में शामिल हो गईं। हालांकि, ईशा ने यह साफ कर दिया कि वह किसी बॉलीवुड हस्ती के तौर पर नहीं, बल्कि सनातन धर्म के अनुयायी के तौर पर इसमें शामिल हो रही हैं।

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

शेयर किए गए एक वीडियो में एक्ट्रेस ने कहा, 'बॉलीवुड एक्टर्स का काम नहीं है कि वो औरों पे टिप्पणी दें, तो मैं नहीं देना चाहूंगी। बॉलीवुड एक्टर्स का काम है एक्टिंग करना। मैं यहां पर बॉलीवुड एक्टर के इरादे से नहीं आई हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं यहां पर सनातन धर्म के अस्तित्व से आई हूं, सनातनी के धर्म से आई हूं। एक बेटी की हैसियत से आई हूं और एक भारतीय की हैसियत से आई हूं। ईशा ने लोगों से महाकुंभ में आने का आग्रह करते हुए कहा, 'चाहे धर्म के लिए आएं या कर्म के लिए आएं, पर जरूर आएं।'

इस साल महाकुंभ में अनुपम खेर, मिलिंद सोमन, कबीर खान और रेमो डिसूजा समेत कई बॉलीवुड हस्तियां पहले ही शामिल हो चुकी हैं। ईशा ने 2012 में क्राइम थ्रिलर फिल्म 'जन्नत 2' से अभिनय की शुरुआत की थी। इसी के साथ ईशा ने अपने इंस्टाग्राम पर भी महाकुंभ की कई फोटोज शेयर की हैं। इनमें से एक में वो डुबकी लगाती नडर आ रही हैं। दूसरी में स्वामी जी के दर्शन कर रही हैं तो तीसरी फोटो में कुछ लोगों के साथ खड़ी हैं। ईशा गुप्ता ने राज 3डी, बेबी, कमांडो 2, बादशाहो और टोटल धमाल सहित कई फिल्मों में काम किया है। उन्हें आखिरी बार वन डेः जस्टिस डिलीवर्ड में देखा गया था। अशोक नंदा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में अनुपम खेर, कुमुद मिश्रा और अनुस्मृति सरकार भी थे। इसे 2019 में रिलीज किया गया था। ईशा अगली बार मर्डर 4, देसी मैजिक और हेरा फेरी 3 सहित कई फिल्मों में दिखाई देंगी।

# बच्चे के जन्म के बाद बदल गई पूरी लाइफ



**मुंबई।** यामी गौतम और फिल्ममेकर आदित्य धर पिछले साल बेटे के पैरेंट्स बने हैं। बेबी के होने के बाद से यामी ब्रेक पर थीं और अब वह धूम-धाम फिल्म के साथ वापसी कर रही हैं। दोनों के बेटे का नाम वेदाविद है और अब एक्ट्रेस ने बेटे को लेकर बात की है। यामी ने कहा, 'मुझे लगता है जब आप मां बनते हैं और ये दोनों पैरेंट्स के लिए है, लेकिन मां के लिए स्पेशयली, आपकी पूरी लाइफ बदल जाती है। चाहे आपने कितना काम किया हो, लेकिन यह लाइफ अलग होती है जिसके लिए आप कभी तैयार नहीं होते हो। जाहिर सी बात है आप खुश होते हो, आपको लगता है कि आप वर्ल्ड के टॉप पर हो, यह सबसे बड़े आशीर्वाद है क्योंकि यह लाइफ की सबसे जरूरी चीज है।'उन्होंने आगे कहा, 'आप नर्वस होते हो, कई चीजें होती हैं, वो बड़ी आंखें आपको देख रही होती हैं और आपसे सिर्फ प्यार चाहिए उन्हें बस। बहुत अच्छा लगता है बस उनके साथ बैठना घंटों तक और कुछ ना करना।' मीडिया से बच्चे को दूर रखने पर यामी ने कहा, 'आप उसे नहीं देखोगे। मेरा मतलब यह मेरी और आदित्य की पर्चनल च्वाइस है। मुझे लगता है कि बच्चे को उसका बचपन जीने देना चाहिए जैसे बाकी बच्चे जीते हैं। हम चाहते हैं कि वह भी अपनी लाइफ एंजॉय करे।'

# बैडऐस रवि कुमार का लॉजिक से नहीं कोई नाता



**मुंबई।** हिमेश रेशमिया की फिल्म बैडऐस रवि कुमार सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ये पहली बार नहीं है जब सिंगर हिमेश रेशमिया फिल्म में एक्टिंग कर रहे हैं। इससे पहले भी वो एक्टिंग कर चुके हैं। हालांकि, हिमेश की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अपना कमाल नहीं दिखा पाईं। अब हिमेश की फिल्म बैडऐस रविकुमार रिलीज हुई है। फिल्म में कोई कहानी नहीं है। हिमेश ने वो किया जो हिमेश को पसंद है। फिल्म में कोई लॉजिक नहीं है। हिमेश एक सीन में एक घाटी से कूदेंगे फिर 15 मिनट के सीक्वेंस के लिए जिसमें वो सनी लियोनी के साथ लगातार 5 गानों में नजर आएंगे। वहीं, हिमेश की जेब में सिगरेट का पैकेट तो आप देखेंगे, लेकिन वो सिगरेट पीते नहीं हैं। फिल्म में इसके पीछे की कहानी भी आपको देखने को मिलेगी। फिल्म में एक सीक्वेंस आएगा जहां हीरों की चोरी होगी। वो देखकर ऑडियंस अपनी हंसी नहीं कंट्रोल कर पाएंगे। आप सोचने पर मजबूर हो जाएंगे कि क्या कोई ऐसी भी चीज है जो बैडऐस रविकुमार नहीं कर सकते हैं। फिल्म में आपको कीर्ति कुल्हारी भी देखने को मिलेंगी, लेकिन उनकी फिल्म में कोई खास भूमिका है नहीं।

---

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी
सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment
## आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** कम्प्युटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं-स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन योग्यतानुसार **संपर्कः-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइलः - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

**आवश्यकता है-** सिक्युरिटी गार्ड , मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 पता TANGO SECURITY PVT. LTD. ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.- 8109070600, 7869230888.(RO-2476)

**Wanted-** Urgently required Security Guards to work at Darramuda, Binjkot, Raigarh Duty : 12 hrs for 30 days Salary: 15000+PF& ESIC, Accommodation: Free Height: 5'6 and above Education: 10th pass.Distance: 100km above the location. 8497964446, 7805866633. (RO-3813)

**तत्काल आवश्यकता है-** बंगलो एवं ऑफिस में कार्य करने हेतु सुरक्षा गार्ड की तत्काल आवश्यकता है अनुभव- 5 से 10 वर्ष, उम्र 30 से 40 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही संपर्क करें: - 9109972720.(RO-3272)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** होलसेल रेडीमेड कपड़े की दुकान कार्य करने लड़के /लड़कियों की आवश्यकता है जय स्पोट्र्स तनिष्क शोरूम के पीछे पंडरी रायपुर 7587145990.(RO-339)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** डी.टी.पी. कम्प्यूटर आपरेटर-4पद ,युवक / युवती की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता पेजमेकर, कोरल-ड्रा, डिजाईनिंग जानकारी हो। पार्टटाईम / फुलटाईम. संपर्क - भारत प्रिंटर्स तरूणटॉकीज वाली गली, संतराबाड़ी दुर्ग। मिलने का समय- 12से2 मो.- 98279-60336.(आरो 676)

### हेल्पर/मैकेनिक

**आवश्यकता है-** रायपुर स्थित सर्विस सेंटर को फ्रिज तथा ए.सी. सुधार के लिए चाहिए हेल्पर- 4 पद, मैकेनिक- 2 पद काम सीखने के इच्छुक भी संपर्क करें मो. 9893210882. (RO-3281)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** रायपुर शहर में पैकेट माल की बिक्री हेतु अनुभवी सेल्समैन अथवा सेल्सगर्ल की आवश्यकता है। खुद का वाहन अनिवार्य है। संपर्क करे :- 93009-05560. (RO-926)

**आवश्यकता है-** साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें:-** भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.(RO-3277)

### डेन्टल असिस्टेंट

**आवश्यकता है-** साड़ी मोहबा बाजार स्थित डेंटल क्लीनिक में Trained Dental assistants' एवं Computer operator की आवश्यकता है संपर्क करें:- 8889767373. (RO-3280)

### वार्ड बॉय/गर्ल्स

**आवश्यकता है-** वार्ड बॉय, वार्ड गर्ल्स एवं नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है संपर्क करें- श्री गोविंद हॉस्पिटल, बॉस टाल, रायपुर फोन (0771)4913354, 7880106929. (RO-1630)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है**
घरेलू वाहन (कार) चलाने हेतु
**अनुभवी ड्रायवर**
पुरुष -2 पद की.
लाइसेंस सहित मिलें।
नशा आदि करने वाले संपर्क ना करें ।
संपर्क करें:
मोती नगर, रायपुर
मो.9303389000
Aditya Advt.

**आवश्यकता है-** ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 30 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 20000/-प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल :- 9644720222. (RO-32)

**आवश्यकता है-** रायपुर में थ्री व्हीलर (अपे) माल वाहक ऑटो चलाने के लिए ड्राइवर की। अनुभवी को प्राथमिकता। वैध लाइसेंस,बायोडाटा के साथ संपर्क करे :- 9300905560.(RO-943)

**शीघ्र आवश्यकता है-** 5 टाटा एस ड्राइवर (10000/15000) 2 ई रिक्शा ड्राइवर (8000/12000 फ्लैक्स मशीन ऑपरेटर ग्राफिक डिजाइनर, 2 सेल्स एग्जीक्यूटिव 1 टैलीकॉलर की संपर्क 8871117007, 7862187165. (RO-3812)

**आवश्यकता है-** हर्ष मीडिया को छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में V-30 Intra- LED वेन चलाने ड्राइवर की आवश्यकता है। अनुभवी ड्राइवर लाइसेंस, आधार कार्ड व अन्य विवरण सहित संपर्क करें- 8225022889, 9827806026.(आरो न.-7160)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### कार क्लीनर/कुक

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा के आगे वी.आई.पी. चौक के पास, रायपुर में शाकाहारी खाना एवं अन्य घरेलू कार्य करने के लिए पुरुषो की आवश्यकता है। ग्रामीणों को प्राथमिकता। पान, गुटखा, तंबाकू या किसी प्रकार का नशा न करने वाले व्यक्ति संपर्क करें। संपर्क करें: 9300593000. (RO-1243)

### अकाउंटेंट/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** मदर्स प्राइड हा. से. स्कूल, खम्हरिया आवश्यकता अकाउंटेंट- 03 पद, कंप्यूटर ऑपरेटर-03पद, सुरक्षा कर्मी-05 पद, ड्राइवर/परिचालक-05-05 पद, संपर्क- 78050-15500, 86023-48376 ईमेल-mpshooffice@gmail.com(RO-143)

### सेल्स मैनेजर/एक्जीकेटिव

**आवश्यकता है-** सीनियर सेल्स मैनेजर-4 (ऑटोमोबाइल प्राथमिकता) सेल्स एग्जीक्यूटिव- 4 टेलीकालर (म/पु) अनुभवी 4 गार्ड, चौकीदार, चपरासी- 4 ड्राइवर घरेलू ऑटोमेटिक कार चलाना आता हो शराबी न हो- 2 कुक महिला घरेलू अनुभवी-2 अच्छे लोगों को रहने रूम. व्हाट्सएप में रिज्यूम भेजें और मिलें रिलेक्टो इवी, सोनडोंगरी, रिंगरोड-2, आयशर शोरूम के आगे हीरापुर, रायपुर 6266919195/93.(RO-3273)

### एकाउंटेंट/फिटर

**आवश्यकता है-** रायपुर रिश्ता लोहा बाजार में एकाउंटेंट-1, आटोकेड ऑपरेटर-1 सुपरवाइजर-2, वेल्डर-4, हेल्पर-6, टर्नर-2, कटर-1, फिटर-4, सोशल मीडिया ऑपरेटर-2, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव -2 (लड़का/लड़की) की आवश्यकता है सम्पर्क- 9893070113 (Ro-36733)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### ड्रायवर/हेल्पर

**आवश्यकता है-** ड्राइवर की आवश्यकता है (पार्ट टाइम फुल टाइम) भाटागांव चंगोराभाटा के आसपास रहने वाले संपर्क करें मो. 9826750807, 8319744465.(RO-6211)

**आवश्यकता है-** कार, टाटा एस ड्राइवर - हैल्पर, हमाल, पैकिंग लड़के, डिलीवरी ब्वॉय की आवश्यकता है। संपर्क- गोकुल सुपर बाजार, पंडरी, रायपुर मो.- 7489770673, 9826183500. (RO-951)

### क्लिनिक कार्य

**आवश्यकता है-** डेंटल क्लिनिक में कार्य हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क अर्हम डेंटल क्लिनिक NEAR बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा दुर्ग मिले 12to2 ,6to8 MO-7000537010.(आरो न.-1505)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** तत्काल आवश्यकता बंगले में कार्य हेतु घरेलू नौकर की आवश्यकता है। अनुभवः 5 से 10 वर्ष वेतनः योग्यतानुसार कृपया केवल अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें। संपर्क करें:- 9109972720.(RO-3271)

### प्यून

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य के हेतु (प्यून ) ,साफ - सफाई एवं कार वाशिंग के लिए लड़के की आवश्यकता है। संपर्क करें:- आकाश गंगा सुपेला, भिलाई। मो. 98278-06026, 82250-22889 (आरो न.-7161)

### सेल्स कार्य

**आवश्यकता है-** पार्टटाइम, फुलटाइम सेल्स कार्य हेतु लड़के- लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 6000- 12000 संपर्क करें:- 8358914444 चौकीदार एवं हाउस कीपिंग हेतु भी संपर्क करें (रहने की सुविधा उपलब्ध) (RO-3279)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** मोबाइल दुकान में मोबाइल एसेसरीज बेचने हेतु सेल्समेन तथा मोबाइल लाने छोड़ने हेतु सेल्समैन /लड़के (आकर्षक वेतन) योग्यता न्यूनतम 10वीं पास, आसपास रहवासी संपर्क करें:- अबाबा मोबाइल, मेन रोड, तेलीबांधा 7869999902.(RO-3274)

### सेल्स मैनेजर

**Wanted-** Required 2 Area Sales Manager for hospital and office furniture manufacturing company candidates with minimum 1 years experience only apply contact- universe industries Raipur 9907846133. (RO-7351)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** आगरा में रहकर ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र संपर्क करें- 8937847856, 6395268809.(RO-301)

**आवश्यकता है-** सर्जिकल आफिस में लड़के और लड़कियों की आवश्यकता है। योग्यता,10 वी, 12 वी, संपर्क करेः-रामा मेडिटेक , गीतांजलि नगर, हाऊस नम्बर -15 / A, रायपुर 7089933233. (RO-935)

**आवश्यकता है-** शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 तक अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता है , योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन -10000 रहना खाना फ्री , ट्रेनिंग के बाद कमाए 20 से 25 हजार महीना 8871422576, 9981576163. (RO-302)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### अन्य

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Name address qualification/ Call/ WhatsApp/ SMS करें - 7903284986. (RO-669)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ़्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 8918984004.(RO-3262)

**आवश्यकता है-** पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898.(RO-3275)

**आवश्यकता है-** आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 09034329258..(RO-670)

## Property
## प्रापर्टी

### भूमि

**भूमि बेचना है-** अंजोरा से 6 कि. मी., ग्राम भरदा पिकनिक स्पॉट से मात्र 3 कि.मी. ग्राम बिरेझर में फॉर्म हाऊस के लिए प्लॉट उपलब्ध है। सम्पर्क :- 99814 23470.(आरो न.-670)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### फ्लैट

**बेचना है-** बिलासपुर में मध्य नगरी चौक में वैष्णवी अपार्टमेंट में द्वितीय तल पर 2BHK फ्लैट बेचना है। कृपया खरीदार ही सम्पर्क करें- 9764523388.(RO-36737)

### वाहन

**वाहन बेचना है-** 2 कॉमर्शियल टोयोटा इटिऑस और 1 प्राइवेट डस्टर बेहतरीन कंडीशन में (वेल मेन्टेन्ड) शीघ्र बेचनी है संपर्क करें- देव ट्रेवल कर रेंटल सर्विस, रायपुर मोबाइल- 8959910211.(RO-1631)

हरिभूमि क्लासीफाईड

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

## हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD

समाचार ही नहीं, विचार भी...

15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826762100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


Healthcare

गुप्त रोगी स्वयं मिले

शादी से घबराहट गुप्त रोग
शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
लिंग में टेढ़ापन
वीर्य मे शुक्राणु की कमी
बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
पेशाब में धातु जाना
शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
संपर्क डॉ. अहमद
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
दिन- सोमवार, मंगलवार बुधवार, 10 से 5 बजे तक रविवार, 10 से 2 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844



# लीग कप : लिवरपूल ने फाइनल में बनाई जगह, न्यूकैसल से होगा खिताबी मुकाबला

एजेंसी ▸▸| लंदन

गत चैंपियन लिवरपूल ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए टोटेनहम को 4-0 से हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना न्यूकैसल से होगा। लिवरपूल सेमीफाइनल के पहले चरण में एक गोल से हार गया था लेकिन दूसरे चरण में उसने बाजी पलटने में कोई कसर नहीं छोड़ी और 4-1 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

लिवरपूल की तरफ से पहले हाफ में फ़ॉरवर्ड कोडी गाकपो ने गोल करके उसे शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद मोहम्मद सलाह, डोमिनिक स्ज़ोबोस्ज़लाई और वर्जिल वान डिज्क के गोल की मदद से उसने सेमीफाइनल के दूसरे चरण को एकतरफा बना दिया। अपने खिताब का बचाव करने के लिए लिवरपूल 16 मार्च को वेम्बली स्टेडियम में फाइनल में न्यूकैसल का सामना करेगा। न्यूकैसल ने पिछले 70 साल से कोई बड़ा घरेलू टूर्नामेंट नहीं जीता है।



## बार्सिलोना कोपा डेल रे सेमीफाइनल में, वालेंसिया को 5-0 से रौंदा

**मैड्रिड।** फेरान टोरेस ने पहले आधे घंटे में हैट्रिक बनाई जिससे बार्सिलोना ने वालेंसिया को 5–0 से करारी शिकस्त देकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। बार्सिलोना की इस बड़ी जीत में टोरेस ने तीसरे, 17वें और 30वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा फ्रर्मिन लोपेज़ ने 23वें और लैमिन यामल ने 59वें मिनट में गोल किया, जिससे बार्सिलोना ने शान के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में रियाल सोसिदाद ने ओसासुना को 2-0 से पराजित किया। उसकी तरफ से एंडर बैरेनेटेक्सिया और ब्रिस मेन्डेज ने पहले हाफ में गोल किए। रियाल मैड्रिड और एटलेटिको मैड्रिड पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्के कर चुके हैं।

## चर्चिल ब्रदर्स ने गोकुलम केरला को 2-1 से हराया

**गोवा।** चर्चिल ब्रदर्स ने शुक्रवार को यहां गोकुलम केरला एफसी पर 2-1 की शानदार जीत से आई लीग 2024-25 तालिका में शीर्ष स्थान पर वापसी की। चर्चिल ब्रदर्स के लिए लालरेम्रुआता राल्टे और किंग्स्ली फर्नांडिज ने गोल दागे जिससे घरेलू टीम 13 मैच में 26 अंक लेकर तालिका में पहले स्थान पर काबिज हो गई। अभी चर्चिल ब्रदर्स की टीम नामधारी एफसी से दो अंक आगे है। गोकुलम केरला के लिए एम सूसाईराज ने अतिरिक्त समय में गोल कर हार का अंतर कम किया। टीम की यह लगातार दूसरी हार थी जिससे वह 19 अंक लेकर छठे स्थान पर है।

## फीफा ने पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ को किया निलंबित

**कराची।** अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ ने अपने संविधान में संशोधन करने में विफल रहने के बाद पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ को निलंबित कर दिया है। विश्व निकाय ने कहा कि पाकिस्तान तब तक निलंबित रहेगा जब तक पीएफएफ कांग्रेस अपने संविधान में आवश्यक संशोधन नहीं कर लेती।




पाकिस्तान में जून 2019 से एक समिति फुटबॉल का संचालन कर रही थी जिसे फीफा ने नियुक्त किया था। इस समिति को चुनाव कराने और देश के फुटबॉल ढांचे में आवश्यक बदलाव करने का काम सौंपा गया था लेकिन वह इसमें नाकाम रही। समिति के अध्यक्ष हारून मलिक ने इस सप्ताह के शुरू में एक संसदीय पैनल को चेतावनी दी थी कि 15 फरवरी उनके कार्यकाल का आखिरी दिन होगा और अगर पाकिस्तान ने संवैधानिक संशोधनों को लागू नहीं किया तो उसे निलंबन का जोखिम उठाना पड़ सकता है।

## खबर संक्षेप



### भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का विश्वास

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया महिला लीग में शानदार प्रदर्शन करने के दम पर महिला प्रो लीग के लिए सीनियर राष्ट्रीय टीम के शिविर के लिए चुनी गई युवा हॉकी फारवर्ड सोनम को विश्वास है कि वह भारतीय टीम की तरफ से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहेगी। महिला लीग में तीन मैच में चार गोल करने वाली 19 साल की सोनम को टूर्नामेंट की उदीयमान खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों में सर्वाधिक गोल किए। वह इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों में तीसरे स्थान पर रही।

### बीसीसीआई की एक मार्च को एसजीएम

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने देवजीत सैकिया के सचिव चुने जाने के बाद उनके स्थान पर नए संयुक्त सचिव की नियुक्ति के लिए एक मार्च को मुंबई में विशेष आम बैठक बुलाई है।



असम क्रिकेट संघ के सैकिया ने पिछले महीने सचिव पद पर जय शाह का स्थान लिया था। शाह ने एक दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष का पद संभाला था। बीसीसीआई ने राज्य संघों को एसजीएम के लिए जो नोटिस भेजा है उसने एकमात्र एजेंडा संयुक्त सचिव की नियुक्ति है।

### डब्लूपीएल ने मुझे पारी को संवारना सिखाया

**पुणे।** दिल्ली कैपिटल्स की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने शुक्रवार को कहा कि महिला प्रीमियर लीग से उन्हें अपनी पारी संवारने का तरीका सीखने में मदद मिली। वर्मा ने कहा, 'डब्लूपीएल में खिलाड़ियों को अच्छी संख्या में मैच खेलने को मिलते हैं। आपको इस लीग में अपने खेल में यहां-वहां छोटे-छोटे बदलाव करने के कुछ बहुत अच्छे मौके मिलते हैं। विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलने का अनुभव हम सभी के लिए एक अलग सीख है। एक चीज जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद है वह है मैदान के अंदर और बाहर उनका खुद को शांत रखने का तरीका। यह एक ऐसी सीख है जो मुझे विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए मिली है।'



### चोटिल अयूब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

**कराची।** पाकिस्तान के युवा सलामी बल्लेबाज सईम अयूब को टखने की चोट से उबरने के लिए कम से कम 10 हफ्ते के रिहैबिलिटेशन करना होगा जिससे वह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को कहा कि सईम टखने के फ्रेक्चर से अच्छी तरह उबर रहे हैं और वह इंग्लैंड में रिहैबिलिटेशन जारी रखेंगे। उन्हें यह चोट जनवरी में दक्षिण अफ्रीका में लगी थी। पीसीबी ने एक बयान में कहा, 'एमआरआई स्कैन, एक्स रे और चिकित्सा जांच के बाद सईम चोट के समय से 10 हफ्तों के लिए बाहर हो गए हैं।'

इंग्लैंड के रूट और भारत के महान बल्लेबाज द्रविड़ की बराबरी

# स्मिथ ने जड़ा 36वां टेस्ट शतक, कैरी की सेंचुरी, ऑस्ट्रेलिया को मिली बढ़त

एजेंसी ▸▸| गॉल

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने श्रीलंका के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट मैच में शुक्रवार को धमाकेदार पारी खलते हुए कॅरियर का 36वां टेस्ट शतक जड़ा। स्मिथ ने इस धमाकेदार पारी से इंग्लैंड के जो रूट और भारत के महान बल्लेबाज राहुल द्रविड़ की बराबरी कर ली। पैट कमिंस की जगह इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की अगुआई कर रहे स्टीव स्मिथ ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 191 गेंदों में अपना 36वां शतक पूरा किया।

इसी के साथ वह जो रूट और राहुल द्रविड़ के साथ सर्वाधिक टेस्ट शतक के मामले में संयुक्त रूप से पांचवें बल्लेबाज बन गए। रूट और द्रविड़ ने भी 36 टेस्ट शतक लगाए हैं। ऑस्ट्रेलिया 37 के स्कोर पर दो विकेट गंवा चुकी थी। ट्रेविस हेड 21 और मार्नस लाबुशेन चार रन बनाकर आउट हुए। दाएं हाथ के बल्लेबाज स्मिथ का यह एशिया में सातवां टेस्ट शतक है। विदेशी खिलाड़ियों की लिस्ट में वह इस मामले में तीसरे स्थान पर हैं। शीर्ष पर एलिस्टेयर कुक और जैक्स कैलिस हैं।



### 239 रनों की साझेदारी

ऑस्ट्रेलियाई टीम एक समय अपने तीन विकेट सिर्फ 91 रनों पर ही खो दिए थे। इसके बाद कैरी और स्टीव स्मिथ ने अंगद की तरह पैर जमा लिए और दिन का खेल खत्म होने तक टीम को चौथा झटका नहीं लगने दिया।

ऑस्ट्रेलिया ने दिन का अंत तीन विकेट के नुकसान पर 330 रनों के साथ किया। कंगारुओं ने श्रीलंका पर 73 रन की बढ़त बना ली है। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 239 रनों की साझेदारी की और टीम को मजबूत किया। दिन का खेल खत्म होने तक स्मिथ 120 रन और कैरी 139 रन बनाकर खेल रहे हैं।

### कैरी एशिया में शतक बनाने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई विकेट कीपर

*ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने श्रीलंका के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में शानदार शतकीय पारी खेली है। अपनी इस शतकीय पारी से उन्होंने एक बड़ा कीर्तिमान हासिल कर लिया है। कैरी ने इस दौरान वो काम किया जो उनसे पहले सिर्फ एक ही ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर कर पाया था। कैरी एशियाई जमीन पर टेस्ट शतक जमाने वाले ऑस्ट्रेलिया के सिर्फ दूसरे विकेटकीपर हैं। कैरी से पहले ये काम एडम गिलक्रिस्ट ने किया था। गिलक्रिस्ट ने एशिया में चार शतक जमाए हैं। उनके बाद अब कैरी ने ये काम किया है। कैरी ने अपना शतक 118 गेंदों पर पूरा किया। दिन का खेल खत्म होने तक वह 139 रन बनाकर नाबाद हैं।*

### पहले टेस्ट में भी शतक

स्मिथ इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने अपने घर में भारत के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में शतक जमाया था। इसके बाद वह श्रीलंका दौरे पर आए और गॉल में खेले गए पहले टेस्ट मैच में भी उन्होंने शतक जमाया था। उन्होंने इस मैच में 141 रनों की पारी खेली थी।



### टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक

| खिलाड़ी | मैच | शतक |
|---|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 200 | 51 |
| जैक्स कैलिस | 166 | 45 |
| रिकी पॉन्टिंग | 168 | 41 |
| कुमार संगाकारा | 135 | 38 |
| स्टीव स्मिथ | 116 | 36* |
| जो रूट | 152 | 36* |
| राहुल द्रविड़ | 164 | 36 |

रणजी क्वार्टर फाइनल

## 42 बार की चैंपियन मुंबई का पलड़ा हरियाणा पर भारी



एजेंसी ▸▸| कोलकाता

42 बार की चैंपियन मुंबई की टीम हरियाणा के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में मैदान पर उतरेगी। पहले यह मैच हरियाणा के लाहली में खेला जाना था लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने इसे स्थानांतरित करके ईडन गार्डंस को इसकी मेजबानी सौंप दी थी।

बीसीसीआई ने हालांकि इसका कोई कारण नहीं बताया था। हरियाणा को इस तरह से इस मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने का मौका नहीं मिलेगा जबकि मुंबई अपने पेशेवर दृष्टिकोण के कारण किसी भी तरह की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने में माहिर है। हरियाणा का सामना 42 बार के चैंपियन मुंबई से हो रहा है और अगर उसे इस मैच में अपेक्षित परिणाम हासिल करना है तो उसे स्थान बदलने के बारे में सोचने के बजाय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। भारत की टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर शिवम दुबे के जुड़ने से मुंबई को और अधिक मजबूती मिली है। जहां तक हरियाणा का सवाल है तो उसके पास कप्तान अंकित कुमार, निशांत सिंधु, हिमांशु राणा और युवराज सिंह के रूप में अच्छे बल्लेबाज हैं जबकि गेंदबाजी में उसे अंशुल कंबोज, अनुज ठकराल और जयंत यादव से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

### तमिलनाडु-विदर्भ में रोचक मुकाबले की संभावना

नागपुर में खेले जाने वाले क्वार्टर फाइनल मैच में विदर्भ और तमिलनाडु आमने-सामने होंगे। विदर्भ छह मैच में जीत और 40 अंक लेकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है और वह घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेगा। हरियाणा की तरह जम्मू कश्मीर को भी केरल के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों का फायदा नहीं मिलेगा। पहले यह मैच जम्मू में खेला जाना था लेकिन बाद में इसे पुणे स्थानांतरित किया गया। राजकोट में खेले जाने वाले क्वार्टर फाइनल मैच में सौराष्ट्र और गुजरात आमने सामने होंगे।

लीजेंड 90 लीग

## लो स्कोरिंग मुकाबले में राजस्थान की दुबई जाइंट्स पर शानदार जीत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित लीजेंड 90 लीग के दूसरे दिन का पहला मुकाबला बेहद रोमांचक और थ्रिलिंग रहा। राजस्थान किंग्स और दुबई जाइंट्स के बीच खेले गए इस लो स्कोरिंग मुकाबले में राजस्थान किंग्स ने 4 रन से दुबई जाइंट्स को हराया।

राजस्थान किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरूआत कुछ खास नहीं की। ल्यूक फ्लेचर की दूसरी गेंद पर गौरव तोमर अपना विकेट गंवा बैठे, लेकिन फिल मस्टर्ड ने दूसरे छोर से खेल को संभाला। जय किशन कोशवाल के साथ उन्होंने कुछ अच्छे शॉट्स लगाए, लेकिन छठे ओवर में रवि बल्हारा ने 22 रन के व्यक्तिगत स्कोर पर मस्टर्ड को पवेलियन भेज दिया। इसके बाद राजस्थान किंग्स की पारी लड़खड़ा गई और एक के बाद एक विकेट गिरते चले गए। अंत में रजत सिंह ने 18 गेंदों में 30 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलकर टीम को 111 रनों तक पहुंचाया।

### गेंदबाजों ने बड़ा स्कोर बनाने से रोका

दुबई जाइंट्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआत में रिचर्ड लेवी का विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन केविन ओ ब्रायन ने 34 गेंदों में 7 चौके और 3 छक्कों की मदद से 55 रन बनाए और टीम को मजबूत स्थिति में रखा। लेकिन राजस्थान किंग्स की कसी हुई गेंदबाजी ने दुबई जाइंट्स को बड़ा स्कोर बनाने से रोक लिया। किथुरुआन विथांगे ने 25 रन जरूर जोड़े, लेकिन टीम धीमी बल्लेबाजी के कारण 4 रन से मैच हार गई।

## एसए20 में टीमों के बढ़ने की संभावना

**नई दिल्ली।** एसए20 के ब्रांड दूत दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज एलन डोनाल्ड ने निकट भविष्य में छह टीमों वाली लीग में दो नई फ्रेंचाइजी के शामिल होने की संभावना का संकेत दिया। मौजूदा समय में लीग के तीसरे सत्र का खेल जारी है। इसके फाइनल में शनिवार को सनराइजर्स ईस्टर्न केप का सामना एमआई केपटाउन से होगा। सनराइजर्स की टीम लगातार तीसरी बार इस लीग के फाइनल में पहुंची है। एसए20 की सभी टीमों में आईपीएल टीम मालिकों की साझेदारी है। छह टीमों की इस लीग की लोकप्रियता में लगातार इजाफा हो रहा है।



# कोहली की चोट गंभीर नहीं दूसरे वनडे में करेंगे वापसी

एजेंसी ▸▸| कटक

भारतीय उप कप्तान शुभमन गिल ने विराट कोहली की फिटनेस को लेकर चल रही आशंका को खारिज करते हुए कहा कि यह स्टार बल्लेबाज इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वापसी करेगा।

कोहली अपने दाएं घुटने में सूजन के कारण पहले मैच में नहीं खेल पाए थे जिससे भारतीय टीम की चिंता बढ़ गई क्योंकि पाकिस्तान और दुबई में 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी को देखते हुए यह श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है। गिल ने डिजनी हॉटस्टार से कहा, 'उनकी (कोहली) चोट गंभीर नहीं है। उन्होंने बुधवार को अच्छा अभ्यास किया था लेकिन गुरुवार की सुबह उनके घुटने में कुछ सूजन थी। वह निश्चित रूप से दूसरे वनडे में वापसी करेंगे।' शीर्ष क्रम के इस बल्लेबाज ने कहा कि वह पहले वनडे में शतक को ध्यान में रखकर नहीं खेल रहे थे। उन्होंने कहा, 'नहीं मैं अपने शतक के बारे में नहीं सोच रहा था। मैं क्षेत्ररक्षण की सजावट पर ध्यान केंद्रित कर रहा था और उसी के अनुरूप अपने शॉट खेल रहा था। मैं गेंदबाज पर हावी होने की कोशिश कर रहा था।'



## लगातार तीसरी बार एसए20 फाइनल में पहुंची सनराइजर्स

**सेंचुरियन।** टोनी डि जोर्जी और जोर्डन हरमान के बीच शतकीय साझेदारी की मदद से सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने दूसरे क्वालीफायर में पार्ल रॉयल्स को आठ विकेट से हराकर लगातार तीसरी बार एसए20 लीग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। एसए 20 के सौवें मैच में कप्तान एडेन मार्क्रम ने जैसे ही बीसवें ओवर की दूसरी गेंद पर क्वेना मफाका को विजयी चौका जड़ा, सुपरस्पोर्ट पार्क पर नारंगी झंडे हवा में लहराते दिखने लगे। 'सनराइजर्स ला ला ला ' थीम गीत बार बार मैदान पर सुनाई देता रहा। अब सनराइजर्स का सामना शनिवार को वांडरर्स पर राशिद खान की कप्तानी वाली एमआई केपटाउन से होगा जो लगातार पांच मैच जीतकर पहली बार फाइनल में पहुंची है। टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनने वाली पार्ल रॉयल्स ने चार विकेट पर 175 रन बनाए। लगातार तीन हार के साथ तीसरे सत्र की शुरूआत करने वाली सनराइजर्स की जीत के सूत्रधार रहे जोर्जी और हरमान ने दूसरे विकेट के लिए 111 रन की साझेदारी की।

## फ्रेंचाइजी क्रिकेट में मार्गदर्शक है आईपीएल : स्मिथ



एजेंसी ▸▸| जोहानिसबर्ग

एसए 20 को दुनिया की दूसरी सर्वश्रेष्ठ लीग बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए इसके कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अगुआ है और वे उससे लगातार सीख रहे हैं।

स्मिथ ने एसए 20 के तीसरे सत्र के दौरान कहा, 'बीसीसीआई और आईपीएल ने हमारी काफी मदद की है और हर फैसला लेने में हमारा मार्गदर्शन किया है। आईपीएल अभी तक फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अगुआ रहा है और हम उससे लगातार सीख रहे हैं।' भारत और आईपीएल के पूर्व दिग्गज दिनेश कार्तिक एसए20 में खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने जिनकी टीम पार्ल रॉयल्स गुरुवार को दूसरे क्वालीफायर में दो बार की चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप से हार गई। भविष्य में लीग में और भारतीय खिलाड़ियों के खेलने की संभावना के बारे में पूछने पर स्मिथ ने कहा कि अगर वे उपलब्ध होते तो ऐसा अवश्य संभव होगा। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा, 'हम हमेशा कहते आए हैं कि हम भविष्य को लेकर बीसीसीआई से बात करते रहते हैं। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट को भारतीय क्रिकेटरों से प्यार हैं। जब भी वे यहां आते हैं तो उनकी प्रतिभा को देखकर हम दंग रह जाते हैं। अगर भारतीय खिलाड़ी उपलब्ध होते तो हम उन्हें जरूर बुलाते।'






# सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष में ली 'अल्टीमेट सेल्फी', रचा ये बड़ा इतिहास, दुनिया हैरान


एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स बीते आठ महीने से स्पेस में फंसी हुई हैं। इस समय सुनीता विलियम्स अपने साथी बैरी विल्मोर के साथ इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद हैं। उन्होंने एक अद्भुत तस्वीर खींची है, जो वायरल हो गई है। इसके साथ ही उन्होंने अतंरिक्ष में इतिहास रच दिया है।

नासा की अंतरिक्ष यात्री ने अपने नौवें स्पेसवॉक के दौरान यह तस्वीर ली है। इस दौरान वह धरती से 423 किमी ऊपर थीं। सुनीता विलियम्स द्वारा ली गई तस्वीर में उनके हाथ, आईएसएस का एक भाग, प्रशांत महासागर और पृथ्वी की वक्रता नजर आ रही है। सुनीता विलियम्स ने यह तस्वीर ली थी, जिसे अल्टीमेट सेल्फी कहा जा रहा है। जब उन्होंने यह सेल्फी ली, उस समय आईएसएस प्रशांत महासागर के 423 किमी ऊपर था। बोइंग के स्टारलाइनर में तकनीकी खराबी के कारण सुनीता विलियम्स और उनके साथी विल्मोर बीते आठ महीने से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर मौजूद हैं।

### नासा ने शेयर की तस्वीर

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने सुनीता विलियम्स द्वारा ली गई तस्वीर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इसके साथ ही नासा ने बताया कि इसमें अंतरिक्ष यात्री सुनी विलियम्स के हाथ और कैमरा उनके स्पेससूट के हेलमेट के चमकदार वाइजर में दिख रहे हैं। इस फोटो में आईएसएस का एक हिस्सा और बाईं तरफ प्रशांत महासागर दिख रहा है। विलियम्स के हेलमेट के चारों तरफ उनके स्पेससूट के दाईं ओर अंतरिक्ष भी नजर आ रहा है।




### अब तक 62 घंटे 6 मिनट किया स्पेसवॉक

सुनीता विलियम्स ने नौवें स्पेसवॉक के साथ ही इतिहास रच दिया है। उन्होंने महिला अंतरिक्ष यात्रियों के सबसे अधिक स्पेसवॉक का समय बिताने का रिकॉर्ड बना लिया है। नासा का कहना है कि विलियम्स और विल्मोर करीब साढ़े पांच घंटे तक स्पेसवॉक किया। सुनीता विलियम्स ने नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन के सभी स्पेसवॉक समय के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। सुनीता विलियम्स ने अभी तक कुल 62 घंटे 6 मिनट स्पेसवॉक कर लिया है। वह नासा की सर्वकालिक सूची में चौथे स्थान पर हैं।

# समुद्र की गहराई में मिली 'डूबी हुई दुनिया' वैज्ञानिक भी हैरान, 4 अरब साल पुराना है रहस्य!

एजेंसी ▶▶| लंदन

वैज्ञानिकों ने प्रशांत महासागर के नीचे एक रहस्यमय 'डूबे हुए संसार' की खोज की है। ये खोज पृथ्वी के इंटरनल मैपिंग की नई तकनीक के ज़रिये संभव हो पाई है। यहां जो कुछ मिला है वो 4 बिलियन साल यानी 4 अरब वर्ष पुराना है, जो पूरी दुनिया को आश्चर्यचकित करने के लिए काफी है। आपने सुना होगा कि इस दुनिया से परे भी कहीं कोई दुनिया है, लेकिन शायद ही इसकी खोज कभी हुई है। इस बार वैज्ञानिकों को समुद्र के अंदर ऐसा खज़ाना मिला है, जो दूसरी दुनिया की ओर इशारा करता है। दुनिया जिस रहस्य से अनजान थी, वो प्रशांत महासागर के नीचे स्विस वैज्ञानिकों ने ढूंढ निकाला है। वैज्ञानिक हमेशा ही नई-नई चीज़ों की खोज के लिए काम करते रहते हैं। अंतरिक्ष से लेकर समुद्र तक में भी उनकी खोज जारी है। इस बार पहली बार पृथ्वी के भीतर एक नई दुनिया की खोज हुई है। वैज्ञानिकों ने प्रशांत महासागर के नीचे एक रहस्यमय 'डूबे हुए संसार' की खोज की है। ये खोज पृथ्वी के इंटरनल मैपिंग की नई तकनीक के ज़रिये। यहां जो कुछ मिला है वो 4 बिलियन साल यानी 4 अरब वर्ष पुराना है, जो पूरी दुनिया को आश्चर्यचकित करने के लिए काफी है। माना जा रहा है कि इस रहस्यमय जगह का निर्माण लगभग 4 अरब वर्ष पहले पृथ्वी के मेंटल के निर्माण के दौरान हुआ होगा।



### वैज्ञानिकों के लिए बनी हुई है रहस्य

शोधकर्ताओं के अनुसार, यह पृथ्वी पर एक नया 'डूबा हुआ संसार' है। इसकी संरचना वैज्ञानिकों के लिए एक रहस्य बनी हुई है। ये खोज पृथ्वी के आंतरिक भाग के उच्च-रिज़ॉल्यूशन मॉडलिंग के ज़रिये संभव हुई। यह एक ऐसी तकनीक जो कई भूकंपीय मान को जोड़ कर का हाई क्वालिटी का डिटेल इमेज तैयार करता है। इसमें स्विटजरलैंड के लूगानो स्थित स्विस नेशनल सुपरकंप्यूटिंग सेंटर के 'पिज़ डेंट' सुपरकंप्यूटर का इस्तेमाल किया गया है।

### अब तक मिले सबडक्टेड स्लैब से है अलग

ऐसा माना जाता है कि जब पृथ्वी का मेंटल बन रहा था, तभी बड़े-बड़े धब्बे बने होंगे, जो क्रस्ट की तरह मौजूद हैं। हालांकि, वैज्ञानिक अभी तक इस नई खोज की वास्तविक पहचान के बारे में कुछ नहीं कह रहे हैं। उनके अनुसार, यह अरबों वर्षों में पृथ्वी के अंदर घने पदार्थ के निर्माण का परिणाम भी हो सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह आश्चर्यजनक खोज पृथ्वी के आंतरिक भाग की मैपिंग करने वाली एक नई विधि के ज़रिये संभव हुई है। यह जलमग्न दुनिया अब तक मिले सबडक्टेड स्लैब से बिल्कुल ही अलग है। ये उस जंक्शन से दूर है, जहां पृथ्वी के टेक्टोनिक प्लेट्स टकराते हैं और भूकंप की स्थिति बनती है, हालांकि ये उसी प्वाइंट पर है।

### पृथ्वी की उत्पत्ति के संबंध में अनुसंधान के नए अवसर खुले

स्विस जियोलॉजिकल इंस्टीट्यूट के पीएचडी शोधकर्ता थॉमस के मुताबिक ये खोज बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन इस पर गहराई से शोध और आगे जांच की ज़रूरत है। अभी इस धब्बों के बारे में ठीक से पता नहीं चल सका है, इसलिए शोध जारी रहेगा. इससे पृथ्वी की उत्पत्ति के संबंध में अनुसंधान के नए अवसर खुल गए हैं। इस डूबे हुए संसार के ज़रिये धरती की प्रारंभिक उत्पत्ति से लेकर भविष्य के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकेगी। इससे पृथ्वी की भू-आकृतियों, टेक्टोनिक प्लेटों की गति और अरबों वर्षों के इतिहास के बारे में नई जानकारी मिल सकती है।

# खुल गया राज...! क्या सच में होता है पंचमुखी सांप?

एजेंसी ▶▶| हजारीबाग

सांपों की दुनिया हमेशा से ही रहस्यमयी और रोचक रही है। फिल्मों और पंचतंत्र की कहानियों में अक्सर पंचमुखी सर्प का जिक्र होता है, जिसे सांपों के राजा के रूप में दिखाया जाता है। बच्चों के कार्टून में भी पंचमुखी सांप का जिक्र होता है, जिसमें एक सांप के पांच सिर होते हैं और इसे सबसे विषैला माना जाता है, लेकिन सांपों के विशेषज्ञ इस पर अलग राय रखते हैं। हजारीबाग के पर्यावरणविद और सर्प शोधार्थी मुरारी सिंह बताते हैं कि सांपों को लेकर इंसानों में हमेशा से डर रहा है। लोग सांपों के बारे में जानने की कोशिश करते हैं, लेकिन कम जानकारी के कारण कई बार हम सांपों से जुड़ी कहानियों को सच मान लेते हैं।



**देखे गए हैं दो मुंह वाले सांप :** उन्होंने यह भी बताया कि दो मुंह वाले सांप देखे गए हैं, लेकिन यह एक बायोलॉजिकल डिसऑर्डर है। जैसे इंसानों में कभी-कभी चार हाथ या पैर जन्म के साथ आ जाते हैं, वैसे ही यह भी एक असामान्य स्थिति हो सकती है।

### क्या है सांपों की असली सच्चाई?

मुरारी सिंह बताते हैं कि पंचमुखी सांप के बारे में विज्ञान न तो इसे पूरी तरह मानता है और न ही नकारता है। विज्ञान उन्हीं चीजों को मानता है जो उसने देखा है, और अब तक कहीं भी पंचमुखी सांप नहीं देखा गया है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि यह असंभव है। हो सकता है कि पंचमुखी सांप कहीं हो, लेकिन अभी तक हमारी नजरों से दूर हो।

### पुराणों में मिलता है पंचमुखी सांप का जिक्र

मुरारी सिंह आगे बताते हैं कि पुराणों में कई जगह पंचमुखी सांप का जिक्र मिलता है, इसलिए फिल्मों और कहानियों में इसे दिखाया जाता है। बालरूपी भगवान कृष्ण और पंचमुखी सांप का युद्ध भी काफी प्रसिद्ध है। इसके अलावा, भगवान विष्णु का शेषनाग पर बैठने का जिक्र भी पुराणों में मिलता है।

# चीन के कंधे पर सवार होकर चांद पर जाएगा पाकिस्तान, दक्षिणी ध्रुव पर भेजेगा रोवर

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान जारी किया है। जिसमें उसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुप पर रोवर को भेजने के मिशन की घोषणा की है। पाकिस्तान की स्पेस एजेंसी स्पेस एंड अपर एटमॉस्फेयर रिसर्च कमीशन ने इस रोवर को तैयार किया है। आधिकारिक बयान में कहा गया है, कि सुपार्को के बनाए रोवर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भेजा जाएगा। भारत ने जब से अपने चंद्रयान मिशन को कामयाबी के साथ अंजाम दिया था, उसके बाद से ही पाकिस्तान के अंतरिक्ष मिशनों को लेकर सवाल उठ रहे थे। पाकिस्तान की जनता पूछ रही थी कि आखिर पाकिस्तानी स्पेस एजेंसी इतनी पीछे क्यों है? लेकिन, चंद्रमा मिशन की घोषणा के बाद सवाल उठ रहे हैं, इस मिशन में आखिर पाकिस्तान का योगदान क्या है? दरअसल, पाकिस्तान ने चंद्रमा पर रोवर भेजने के लिए चीन की अंतरिक्ष एजेंसी के साथ एक समझौता किया है। इसके तहत सुपार्को और चीनी अंतरिक्ष एजेंसी सीएनएसए के बीच समझौता ज्ञापन पर साइन किए गए हैं।



### चीन का चांग ए-8 मिशन क्या है?

चीनी स्पेस एजेंसी सीएनएसए ने चांग 'ए-8 मिशन को डिजाइन किया है। इस मिशन का मकसद इन-साइट वैज्ञानिक रिसर्च को अंजाम देना है, टेक्नोलॉजी का वेरिफिकेशन करना है और चंद्रमा के सतह का मानचित्रण करना है। इस मिशन में पाकिस्तान की भागीदारी देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम और अंतर्राष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन पहल में इसके योगदान में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। हालांकि, पाकिस्तान में भारत से पहले स्पेस एजेंसी का निर्माण किया गया था, लेकिन आज की तारीख तक पाकिस्तानी स्पेस एजेंसी कोई खास उपलब्धि हासिल नहीं कर पाई है।

# कौन था दुनिया का सबसे अमीर शख्स किन चीजों का करता था व्यापार

एजेंसी ▶▶| लंदन

दुनिया में अमीर लोगों की संख्या तो हर साल बदलती रहती है और आमतौर पर यह बढ़ती ही रहती है। कुछ दशक पहले चर्चा लोगों के करोड़पति होने की होती थी। लेकिन अब अरबपतियों की होती है। फिर भी आज दुनिया में अरबपतियों की संख्या बहुत अधिक नहीं होगी ऐसे कितने लोग होंगे जिनकी नेटवर्थ एक अरब डॉलर यानी 87 अरब 47 करोड़ रुपयों से अधिक की होगी? क्या आप जानते हैं कि इतिहास में पृथ्वी पर अब तक के सबसे अमीर शख्स की जितनी नेटवर्थ थी सदियों पुराना वह शख्स कौन था जो आज तक दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति बना रहा है और आज भी माना जाता है। और उसकी कमाई कैसे होती थी।



### सबसे अमीर कौन पर विवाद क्या और क्यों?

इतिहासकार मानते हैं कि दुनिया में अब तक के सबसे अमीर शख्स की नेटवर्थ 2212 में 400 अरब डॉलर या 349 खरब 82 अरब 64 करोड़ रुपए थी जो कि आज 500 अरब डॉलर यानी 437 खरब 16 अरब डॉलर रुपए के बराबर होगी। वहीं, कई इतिहासकार मानते हैं कि उसकी नेटवर्थ को आंका ही नहीं जा सकता है। फोर्ब का दावा है कि यह आज की दुनिया के 5 सबसे अमीर अरबपतियों की कुल नेटवर्थ से भी अधिक है।


### कौन था वह शख्स?

लेकिन, जो दुनिया में अब तक का सबसे अमीर शख्स है, वह आज के दौर का नहीं बल्कि 14वीं सदी का एक राजा था। यह कोई और नहीं मनसा मूसा था, जिसे अफ्रीका के माली राजवंश का शासक था। उसने वहां 1312 ईस्वी से 1337 के बीच शासन किया था। उसके शासन काल में माली अफ्रीका की सबसे अमीर राज्य माना जाता था और मूसा को दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति माना जाता था।
















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com